दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 10 अंक : 311 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 06 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल शर्मा का किसानों को बड़ा तोहफा, गन्ने का दाम बढ़ने का ऐलान

## गंग नहर के पुनर्निर्माण के लिए 1717 करोड रुपए की सौगात, केंद्र की कांग्रेस की सरकारों ने किसानों को फकीर बना दिया





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को श्रीगंगानगर जिले के साधुवाली गाजर मंडी में आयोजित गंग नहर जनशताब्दी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फिरोजपुर फीडर के रिनोवेशन कार्य का शिलान्यास किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शर्मा ने गन्ना किसानों को बड़ा तोहफा दिया और गन्ने की कीमत बढ़ने का ऐलान किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दिवंगत महाराजा गंगा सिंह जैसे शख्सियत शताब्दियों में पैदा होते हैं उन्होंने प्रदेश के मरुस्थल जिलों को जिस तरह से आबाद किया है उनके इस योगदान को लोग हमेशा हमेशा के लिए याद रखेंगे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि गंग नहर के पुनर्निर्माण के लिए सरकार ने कुल 1717 करोड रुपए की सौगात दी है इनमें 647 करोड रुपए फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण , 300 करोड रुपए बीकानेर केनाल के पुनरुद्वार , 695 करोड़ रुपए 3.4 लाख हेक्टर क्षेत्र के स्वचालन और 75 करोड़ क्षतिग्रस्त नहर व नकारा खालों के पुनर्निर्माण पर खर्च किए जाएंगे उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने यहां के किसान की पानी और अन्य समस्याओं को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी निशाना साधा और कहा कि गहलोत तीन बार मुख्यमंत्री रहे लेकिन उन्होंने कभी भी यहां इलाके में आकर किसानों की पीड़ा को नहीं देखा जिसकी वजह से यहां के किसानों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ा लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के साथ ही प्रदेश सरकार ने श्रीगंगानगर और आसपास के जिलों में नहरी तंत्र व्यवस्थाओं को मजबूत करने के अलावा यहां पंजाब से आने वाले पानी की समुचित व्यवस्था करने जैसे कई बड़े कदम उठाए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने शुरू के कार्यकाल में ही प्रदेश के सभी हिस्सों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करने और प्रदेश के किसानों को खेती के लिए समुचित पानी मिले इसके लिए कई बड़े निर्णय लिए चाहे वह ईआरसीपी योजना को धरातल पर लाने की बात हो या फिर हरियाणा से यमुना जल समझौता हो या फिर प्रदेश के नहरी सिंचित क्षेत्र में पानी वितरण की समुचित व्यवस्था करने की बात हो हर क्षेत्र में सरकार ने प्रदेश में पानी की विकट समस्या को दूर करने के लिए व्यापक कदम उठाए और व्यापक निर्णय लिए जिनके अच्छे परिणाम भी सामने आए हैं उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए पानी ही नहीं बल्कि हर क्षेत्र में व्यापक निर्णय और फैसला ले रही है ।

## देश में कांग्रेस की सरकारों ने किसानों को फकीर बनाया

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में कांग्रेस के राज में किसानों की समस्याओं पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया गया। किसानों को पानी के लिए धरने प्रदर्शन तक करने पड़े जबकि भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस पर गंभीरता से कार्य किया उन्होंने कहा कि किसानों को अन्नदाता माना जाता है लेकिन कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किस को फकीर बना दिया । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए और किसान की इनकम को दुगनी करने के लिए कई बड़े फैसले और कई बड़े निर्णय लिए जिसकी वजह से किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसान सम्मन निधि के तौर पर देश भर के किसानों को राहत दी है और राजस्थान सरकार ने किसान सम्मन निधि की राशि में 6000 से बढ़ाकर उसे 9000 किया और अब आने वाले समय में किसान सम्मन निधि की राशि को 12000 रुपए तक पहुंचाया जाएगा उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद किसानों से पूछा भी कि जब आपके मोबाइल फोन पर किसान सम्मन निधि की राशि अकाउंट में पहुंचने पर घंटी बजती है या नहीं तो किसानों ने हाथ खड़े करके यह बताया कि हां किसान सम्मन निधि की राशि उनके अकाउंट में आ रही है।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गन्ने की कीमत बढ़ने का किया ऐलान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गन्ने का समर्थन मूल्य 15 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की उन्होंने कहा कि राजस्थान में अगेती किस्म के गन्ने के दाम 401 रुपए से बढ़कर 416 रुपए हो गया है जबकि मध्यम किस्म के गन्न का भाव 391 रुपए से बढ़कर 406 रुपए और पछेती किस्म के गन्ना का भाव 386 रुपए से बढ़कर 401 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान कुसुम योजना में प्रथम स्थान पर है और जल्दी ही श्रीगंगानगर के किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

## कांग्रेस के 5 साल के कार्य और हमारी सरकार के 2 साल के कार्य की तुलना के सवाल पर कांग्रेस के नेताओं की जुबान है बंद

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा सार्वजनिक मंच पर कांग्रेस पार्टी के नेताओं से बार-बार पूछ रहा हूं कि हमारी सरकार के 2 साल के कार्यकाल और पिछली कांग्रेस पार्टी के 5 साल के कार्यकाल की तुलना कीजिए हमारी सरकार ने 2 साल में विभिन्न क्षेत्रों में जो कार्य किया है इतने कार्य कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने 5 साल में नहीं किया मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं को दोनों सरकारों के कार्यों की तुलना के बारे में पूछता हूं तो कांग्रेस पार्टी के नेता उनके सवाल का जवाब नहीं देते और अगर कोई जवाब भी देते हैं तो उनका जवाब भी घिसा पिटा रहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास ना केंद्र में और ना राजस्थान में कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए अनर्गल मुद्दे उठाकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास करते हैं लेकिन राजस्थान की जनता सब देख रही है राजस्थान का युवा यह भी देख रहा है कि पिछले गहलोत सरकार में 5 साल तक राजस्थान के युवाओं के साथ जो अन्याय हुआ जिस तरह से बड़ी संख्या में सरकारी भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हुए बेरोजगारों के साथ अन्याय हुआ और राजस्थान का युवा अब यह भी देख रहा है कि पिछले 2 साल में यहां अनेक सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ इसलिए प्रदेश के युवाओं का सरकार के प्रति अटूट भरोसा बना हुआ है उन्होंने प्रदेश के युवाओं से भी कहा कि वह मन लगाकर पढ़ाई करें। सरकार हर साल 100000 युवाओं को सरकारी नौकरी देने के अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कार्य कर रही है और इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की कंपनियों को भी राजस्थान के युवाओं को रोजगार देने के बारे में लगातार संपर्क किया जा रहा है।





# भारत और रूस के बीच 16 समझौते, पुतिन ने मोदी को दिया रूस आने का न्योता

**जयपुर(कासं.)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में खास मुलाकात की। इस खास मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साझा बयान जारी करते हुए कहा कि भारत और रूस की दोस्ती बिल्कुल ध्रुव तारे की तरह है । उन्होंने यह भी बताया कि रूस और भारत के बीच कैसे समय आगे बढ़ाने के साथ-साथ दोस्ती भी गहरी होती गई। जानकारी के अनुसार भारत और रूस के बीच विजन 2030 दस्तावेज पर हस्ताक्षर हुए जिसमें हेल्थ फूड सेफ्टी सेक्टर में एग्रीमेंट, फ्री टूरिस्ट वीजा, 2030 तक 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य , फ्री ट्रेड पर वार्ता, तकनीक क्षेत्र समेत 16 समझौते हुए रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस आने का नेता भी दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि भारत की उनकी राजकीय यात्रा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हस्ताक्षरित समझौते रूस भारत रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत तथा गहन बनाएंगे क्योंकि दोनों पक्षों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने इस साल की शुरुआत में चीन के शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान अपनी मुलाकात को याद किया पुतिन ने एक बयान जारी करके कहा कि मैं भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत के प्रधानमंत्री और हमारे सभी भारतीय साथियों की रूसी डेलिगेशन का गर्म जोशी से स्वागत करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं कल अपने घर पर डिनर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन मुद्दे पर शांति की भारत की वकालत की और इस मामले में शांतिपूर्ण समाधान के लिए किए गए सभी प्रयासों का स्वागत किया । उन्होंने राष्ट्रपति पुतिन



के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शुरू से ही यूक्रेन मुद्दे पर शांति की बात करता रहा है हम इस मामले के शांतिपूर्ण और स्थाई समाधान के लिए किया जा रहे सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं ।

**पीएम मोदी ने कह I भारत और रूस ने एक दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और रूस ने लंबे समय से कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग किया है पहलगाम में हुआ आतंकी हमला हो या क्रोकोडाइल सिटी हॉल पर किया गया कार्यतापूर्ण हमला इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है भारत का अटल विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्य पर सीधा प्रहार है और इसके खिलाफ वैश्विक एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले समय में हमारी मित्रता हमें ग्लोबल चैलेंज का सामना करने की शक्ति देगी और यही भरोसा हमारे साझा भविष्य को और समृद्ध करेगा ।

**पुतिन और मोदी के संयुक्त बयान में वीजा को लेकर बड़ा ऐलान :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हम भारत के नाविक की ध्रुवीय जल में ट्रेनिंग के लिए सहयोग करेंगे यह आर्कटिक में हमारे सहयोग को नई ताकत तो देगा ही इसके अलावा भारत के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे मुझे खुशी है कि जल्दी ही हम रूसी नागरिकों के लिए निशुल्क 30 दोनों का ईटूरिस्ट वीजा और 30 दोनों का ग्रुप टूरिस्ट वीजा की शुरुआत करने जा रहे हैं ।

**एनर्जी सिक्योरिटी भारत रूस पार्टनरशिप का एक मजबूत पिलर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनर्जी सिक्योरिटी भारत रूस पार्टनरशिप का एक मजबूत पिलर रहा है सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में हमारा सालों पुरानासहयोग हमारी संयुक्त क्लीन एनर्जी प्राथमिकताओं को पूरा करने में बहुत जरूरी रहा है हम इस विन-विन सहयोग को जारी रखेंगे हम मिनरल्स में हमारा सहयोग दुनिया भर में सुरक्षित और अलग-अलग सप्लाई चैन सुनिश्चित करने के लिए बहुत जरूरी है यह क्लीन एनर्जी हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग और नई उम्र की इंडस्ट्री में हमारी पार्टनरशिप को मजबूत सपोर्ट देगा जहाज बनाने में हमारे गहरा सहयोग में मेक इन इंडिया को मजबूत करने की क्षमता है यह हमारे विन विन सहयोग का एक और बेहतरीन उदाहरण है जो रोजगार स्किल्स और क्षेत्रीय कनेक्टिकट को बढ़ावा देगा।

**राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं :** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तारीफ करते हुएप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले ढाई साल से उन्होंने अपने नेतृत्व और दूर दृष्टि से इन संबंधों को निरंतर मजबूत किया है हर परिस्थिति में उनके नेतृत्व ने आपसी संबंधों को नई ऊंचाई दी है ।

भारत के प्रति इस गहरी मित्रता और अटूट प्रतिबद्धता के लिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं ।

# भजनलाल शर्मा के नवाचार : देश में औद्योगिक विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा राजस्थान

**जयपुर(कासं.)।** पिछले 2 साल में प्रदेश में भजनलाल सरकार की नीतियों निर्णय और कई महत्वपूर्ण फैसलों से राजस्थान औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है यहां भजनलाल सरकार ने नए उद्योगपतियों के लिए जो व्यवस्थाएं और जो कदम उठाए हैं उसकी वजह से नए उद्योगपतियों को यहां औद्योगिक इकाई स्थापित करने में बिल्कुल भी परेशानी का सामना करना नहीं पड़ रहा। इसलिए राइजिंग राजस्थान के तहत भी व्यापक स्तर पर जो समझौते हुए थे उनका क्रियान्वयन भी तेजी से हो रहा है देश और विदेश के लोग इन्वेस्ट करने के लिए राजस्थान की तरफ ज्यादा देख रहे हैं वजह यही बताई जा रही है कि वर्तमान में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने यहां इन्वेस्ट करने वालों के लिए जो माहौल तैयार किया है ऐसा माहौल पहले राजस्थान में कभी भी देखने को नहीं मिला इसके अलावा पिछले 2 साल में राजस्थान में सड़क, पानी, बिजली ,परिवहन, वायु, यातायात ,रेलवे इत्यादि क्षेत्रों में तेजी से कार्य हुए हैं जिसकी वजह से प्रदेश की अर्थव्यवस्था देश के अन्य राज्यों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रही है इसी वजह से देश और विदेश के निवेशक राजस्थान में निवेश के लिए ज्यादा आतुर दिख रहे हैं जानकारी के अनुसार भजनलाल सरकार की नीतियों और निर्णय से रीको के कार्य शैली और कार्यक्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव आया है औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंडों की उपयोगिता को और अधिक व्यावहारिक पारदर्शी एवं समय अनुकूल बनाने के लिए रीको भू निपटान नियम 1979 के नियम 20 सी में आवश्यक बदलाव किए हैं अब रीको औद्योगिक क्षेत्र में पट्टा धारी एक अनुमत उपयोग से दूसरे अनु मत उपयोग में निर्धारित शुल्क पर परिवर्तन की स्वीकृति प्राप्त कर सकेंगे इस निर्णय से उद्योगपतियों को अपनी आवश्यकता अनुसार नई गतिविधियां प्रारंभ करने में आसानी होगी तथा भूखंडों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा इस कदम से जहां एक और मैन्युफैक्चरिंग कमर्शियल सर्विस आईटी हेल्थ केयर होटल रेजिडेंशियल क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा दूसरी ओर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत लोगों को आवश्यक सपोर्ट सर्विसेज भी आसानी से इस क्षेत्र में मिल सकेगी रीको प्रशासन की ओर से इस कार्य हेतु ऑनलाइन पोर्टल 26 नवंबर से खोल दिया है नियम 20 सी के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निस्तारण फर्स्ट कम फर्स्ट आउट के सिद्धांत पर किया जाएगा पोर्टल खुलने के बाद अब तक विभिन्न जिलों से 61 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिम होटल रेजिडेंशियल आईटी इंस्टीट्यूशन हेल्थ केयर आदि गतिविधियां के लिए परिवर्तन के लिए आवेदन है उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 से इस प्रकार की आवश्यक अनुमति दिया जाना बिना किसी वजह के बंद किए जाने के कारण इस क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन के लिए लगातार मांग आ रही थी रीको की इस पहल से उद्योगों और व्यवसाय की स्थापना तथा संचालन आसान हुआ है जिसकी वजह से न केवल भूखंड आवंटित करने वालों को तो लाभ होगा ही बल्कि राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी और प्रदेश में विकास को नई दिशा तथा युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे ।

## हाई कोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा पर लगाई रोक हटाई 7 दिसंबर से परीक्षा होगी शुरू

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट की डबल बेंच ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा कॉलेज एजुकेशन पर हाई कोर्ट की सिंगल बेंच की ओर से लगाई गई रोक को शुक्रवार को हटा दिया अब यह परीक्षा पहले से निर्धारित परीक्षा के कार्यक्रम 7 दिसंबर से 20 दिसंबर तक संपादित की जाएगी हाईकोर्ट ने इस परीक्षा के आयोजन के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को अनुमति प्रदान करती है जानकारी के अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 2024 को लेकर हाईकोर्ट में याचिका प्रस्तुत करके कहा गया था कि राजस्थान लोकसभा आयोग की ओर से इस परीक्षा के लिए सिलेबस जारी नहीं किया गया जल्दी बाजी में परीक्षा ली जा रही है इसलिए परीक्षा की तिथि पर रोक लगाई जाए इस मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इस परीक्षा के आयोजन पर रोक लगा दी और कहा कि परीक्षा के आयोजन से 30 दिन पहले परीक्षार्थियों को सिलेबस उपलब्ध करवाया जाए इसके बाद ही परीक्षा का आयोजन करवाया जाए इसके बाद इस फैसले को राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से हाई कोर्ट की डबल बेंच में चुनौती दी गई जिसकी शुक्रवार को सुनवाई हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के डबल बेंच ने पहले से ही निर्धारित तिथि 7 दिसंबर से ही परीक्षा के आयोजन की अनुमति राजस्थान लोक सेवा आयोग को दे दी और सिंगल बेंच के उस फैसले को भी गलत बताया जिसमें परीक्षा से 30 दिन पहले सिलेबस जारी करने की बात कही थी इस तरह से अब यह परीक्षा पहले से निर्धारित तिथि 7 दिसंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित होगी इस परीक्षा में करीब 92 हजार से ज्यादा छात्र परीक्षा दे रहे हैं और यह परीक्षा प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित हो रही है ।

## ओमप्रकाश गोलियां कांग्रेस में ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव हुए नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** कांग्रेस पार्टी ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ढहलावास गांव निवासी ओम प्रकाश गोलियां को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि ओमप्रकाश गोलिया की सक्रियता और नेतृत्व क्षमता से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। वही ओमप्रकाश गोलियां ने कहा कि पार्टी ने जो मुझ पर विश्वास किया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शायराना अंदाज़ में प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शायराना अंदाज़ में प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए × पर लिखा कि खाद की थैली छोटी पड़ गई, पर क़तारें फिर भी लम्बी हो गईं, किसान की जेब खाली हुई, पर जुमलों की फैक्ट्री और रंगीली हो गई। उधर नेता मंचों से कहते हैं, 'हम किसानों के साथ हैं!' और इधर किसान कहता है 'साहब, साथ कहां है? लाइन में तो दिख नहीं रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इन दिनों किसान खाद और यूरिया की किल्लत से बेहद परेशान हैं। हालात ये हैं कि सुबह से लेकर शाम तक किसान खाद विक्रय केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइनों में खड़े रहने को मजबूर हैं लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि दिन के उजाले में खाद अनुपलब्ध दिखाया जाता है, जबकि शाम ढलते ही और रात के अंधेरे में कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की किसानों को उनकी फसल का उचित दाम और मुआवजा नहीं मिल पा रहा है बावजूद इसके उन्हें यूरिया और खाद के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

## जलदाय विभाग पर लगाए आरोपः चोरी और सीना जोरी - अजय अग्रवाल

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता अजय अग्रवाल ने चला विभाग पर आरोप लगाते हुए उसकी कथनी और करनी में अंतर बताया। अग्रवाल ने बताया कि अलवर की जनता को जलदाय विभाग ने अपनी करनी में कोई कसर नहीं छोड़ रखी। जलदाय विभाग की मर्ज़ी है आपको 72 घंटे, 48घंटे, ओर 24 घंटे में आपको पीने का पानी दे या ना दें। सर्दी मे भी जगह 2 द्ब्रह्वद्बद्ध, पानी सुबह देना हो या शाम, ये हमारी मर्ज़ी। हम तो दादा है, सड़को में व्यर्थ बहता पानी जो सड़कों को भी खराब कर रहा है ओर पानी भी खराब हो रहा है। अब नई मजेदार ओर अलवर की जनता की सहनशीलता ओर सादगी, मेरे स्कीम ङ्ग्श 1 आर्य नगर, में ओर स्कीम ङ्ग्श 2 लाजपत नगर में 72 घंटे में पानी आता है ओर उसमें भी एक दो दिन पानी भी नहीं आता है। फिर भी एक महीने में 10 दिन पानी जलदाय विभाग देता है ओर बिल पूरे 2 माह का अर्थात 60 दिन का आता है। कुल पानी सप्लाई 2 माह में, 20 दिन ओर बिल दिया जा रहा है 60 दिन का अर्थात् तिगुना बिल भर रही है अलवर की जनता। अंधेर नगरी चौपट राजा जितना पानी विभाग ईमानदारी से दे रहा है तो बिल बेईमानी का क्यों आखिर जनता का दोष क्या,,,,,, नेता भी असली बात को जानते हुए बोलते तक नहीं। जनता भी भोली है बिल भी भरती है ओर पानी भी नहीं मिलता है जनता किसको रोए,,,,,, ये अहम प्रश्न है आज का फैसला जनता का आखिर जनता कौन से रस्ते पर चले। दोषी कौन।

## गिव अप अभियान के तहत 31 दिसम्बर तक अपात्र व्यक्ति हटवाएं नाम

### अपात्र व्यक्तियों से वसूली जाएगी गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से राशि

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गिव अप अभियान के तहत अपात्र खाद्य सुरक्षा लाभार्थी स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से 31 दिसम्बर तक अपना नाम हटवा सकते हैं। अपात्र व्यक्तियों से योजना के प्रारम्भ से प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम के हिसाब से वसूली की जाएगी। जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि विभाग द्वारा गिव अप अभियान के तहत नाम हटाने की प्रक्रिया का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में खाद्य सुरक्षा योजना में चयनित ऐसे लाभार्थी जो आर्थिक रूप से सक्षम हैं जैसे आयकरदाता, 1 लाख रूपये से अधिक वार्षिक आय, चौपहिया वाहन धारक स्वेच्छा से अपने नजदीकी उचित मूल्य दुकानदार/जिला रसद अधिकारी कार्यालय अलवर में उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र भरकर अपना नाम हटवा सकते हैं। प्रपत्र जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों पर उपलब्ध है। अब कोई भी अपात्र व्यक्ति खाद्य विभाग राजस्थान के पोर्टल https//food.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक 'गिव अप अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा योजना (NFSA) से स्वतः हटने के लिए आवेदन करें' पर आवेदन कर अपना नाम स्वयं खाद्य सुरक्षा सूची से हटा सकते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयकर विभाग से आयकरदाताओं की सूची तथा परिवहन विभाग से चौपहिया वाहनधारकों के नाम प्राप्त किये जा रहे है। इस सूचना के आधार पर उनके खिलाफ विशेष अभियान चलाकर वसूली की कार्यवाही तथा दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी एवं योजना के प्रारंभ से ही प्राप्त किए गए कुल गेहूं की बाजार दर से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलो के हिसाब से वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 48 लाख 87 हजार 26 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटवाए है जिनमें अलवर जिले में 1 लाख 38 हजार 926 व्यक्ति हैं।

**राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्तपुरा, (खोरालाडखानी)**
**ब्लॉक - शाहपुरा, जिला- जयपुर**

क्रमांक 1169 दिनांक- 1-12-2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01 /2025-26 : विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (माननीय श्री मनीष यादव, (विधायक) शाहपुरा, अन्तर्गत राजकीय विद्यालय में निर्माण कार्य हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय, अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदायें आमत्रित की जाती है।

| क्र.स. | विधालय का नाम | ब्लॉक | निविदा राशि ( लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्तपुरा (शाहपुरा ) में एक कमरा मय बरामदा निमार्ण कार्य | शाहपुरा | 5.88 |

निविदा से सम्बधित विस्तृत विवरण वेबसाईट http//sppp.rajasthan.gov.in एवं http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
NIB No- RSE 2526 A1160
UBN No. RSE 2526 WSOB 04934

प्रधानाचार्य
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शक्तपुरा, खोरालाडखानी
ब्लॉक - शाहपुरा, जिला- जयपुर

DIPR/C/18008/2025

# वन राज्यमंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना, अधिकारियों को परिवेदनाओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

### जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन को तत्काल राहत प्रदान कर उनको मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदान करना - मंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में जिलेभर से आए करीब 215 परिवादियों ने अपनी परिवेदनाएं दी। वन राज्य मंत्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिशा निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सतत रूप से जनसुनवाई आयोजित की जाती है। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आमजन को तत्काल राहत प्रदान कर उनको मूलभूत सुविधाओं का लाभ प्रदान करना है। वन राज्य मंत्री की जनसुनवाई में पेयजल, बिजली, सड़क, स्थानांतरण, अतिक्रमण, पट्टे, पुलिस आदि की परिवेदनाएं प्रमुख रही, जिस पर मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण करें तथा जो परिवेदना जयपुर से संबंधित है उनका भी निस्तारण समयबद्ध रूप में करावे। जनसुनवाई में रैणी तहसील के गांव जामडोली में सार्वजनिक स्थल व लक्ष्मणगढ के हरसाणा में बलदेव महाराज मंदिर जमीन एवं ग्राम भजीट के मुख्य रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, लक्ष्मी नगर ए व सी ब्लॉक वार्ड नं. 21 में नई सीसी सड़क बनवाने एवं देहली दरवाजा बाहर क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा खोदी गई सड़क को दुरूस्त कराने, वार्ड नं. 21 के ब्रह्मचारी स्कूल, सामुदायिक भवन, अशोका टाकीज गुरुद्वारा, एसटीसी स्कूल व पीलखाने के पीछे पेयजल बोरिंग को गहरा कराने, विवेकानन्द नगर सेक्टर 4 की पेयजल समस्या के निराकरण हेतु नई बोरिंग से जुड़वाने, वार्ड नं. 56 के ठाकुर वाला कुआं की एक गली में व नवाबपुरा मोहल्ला में नई पाइप लाइन डलवाने, लाका जाटव बस्ती, वार्ड नं. 40 के सेढमाता वाली गली, ग्राम रावण देवरा व रामायणी हनुमान मंदिर में पेयजल समस्या के संबंध में परिवेदनाएं क्षेत्रवासियों ने दी, जिस पर वन मंत्री ने जलदाय विभाग के अधिशासी अभियन्ता को पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के निर्देश दिये।

**काम होने पर आमजन ने जताया आभार**

जनसुनवाई में शहर व जिले से विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने उनकी समस्याओं के निराकरण होने पर वन मंत्री संजय शर्मा का माला व साफे से अभिनन्दन कर आभार जताया। शांतिकुंज कॉलोनी के निवासियों ने भवानी तोप से ईटाराना पुल तक की मुख्य सड़क पर डिवाइडर बनवाने व लाइट लगवाने की पुरानी मांग को पूरा कराने पर तथा इसी प्रकार शहर की विभिन्न कॉलोनियों से पेयजल बोरिंग कराए जाने व सीसी सडक आदि बनवाने पर आभार जताया। इस दौरान डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के उप सचिव जितेन्द्र सिंह नरुका, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता संजय सिंह, यूआईटी के अधिशासी अभियन्ता कुमार संभव अवस्थी, पं. जलेसिंह, सतीश यादव, जितेंद्र राठौड, दिनेश गुप्ता, रजनीश जैमन सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

## जनहित के कार्यक्रमों में शामिल हुए भाजपा नेता डॉ मोहित जसवंत यादव, विकास पर दिया जोर


जयपुर टाइम्स



**बहरोड़(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने बहरोड़ क्षेत्र में विभिन्न जनहितकारी कार्यक्रमों में भाग लिया और आमजन से सीधे संवाद किया। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा भारतीय सशस्त्र झंडा सेना दिवस के अवसर पर बहरोड़ स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने देश के वीर सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने वीर सैनिकों के अदम्य साहस, समर्पण और देशभक्ति को याद किया। इसके बाद वे श्री धर्मचन्द गांधी जैन महाविद्यालय, बहरोड़ पहुंचे, जहां विकास समिति की बैठक में क्षेत्र की शिक्षा, सड़क, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मोहित यादव ने सभी की बातें ध्यान से सुनीं और समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से बात करने का भरोसा दिया। भाजपा के सरकार के आने के बाद बहरोड़ में विकास की गतिविधियां पूरी तेज़ी से चल रही हैं और हर क्षेत्र में निरंतर काम हो रहा है। इसके उपरान्त वे गण्डाला स्थित सती माता निहाली देवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में भी शामिल हुए, जहाँ गांव के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत 2 करोड़ की राशि, बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की अनुशंसा पर, घोषित की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के विकास को लेकर अपनी उम्मीदें और सुझाव रखे जिन्हें मोहित ने बड़े ध्यान से सुना और इन पर काम करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ मोहित यादव ने कहा, 'हमारा उद्देश्य सिर्फ घोषणा करना नहीं, बल्कि जमीन पर काम होता देखना है। गांव के हर व्यक्ति तक विकास पहुँचे, इसके लिए मैं लगातार आपके साथ खड़ा रहूंगा।' उन्होंने आगे कहा, 'बहरोड़ के हर गांव की जरूरतें पूरी हों, यही मेरी प्राथमिकता है। जनता के विश्वास को कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।' इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

## शुध्द आहार मिलावट पर वार अभियान पर स्कूली बच्चों को दी गई मिलावट के बारे में जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर एवं जिला कलेक्टर अलवर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉक्टर योगेंद्र शर्मा के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत शनिवार को अलवर शहर की चिनार स्कूल एवं डीपीएस स्कूल में विद्यार्थियों को मिलेट्स के बारे में जागरुक कर जानकारी दी गई। अभियान के दौरान खाद्य पदार्थ के फोर्टिफिकेशन की भी जानकारी प्रदान की गई एवं रोजाना उपयोग में लिए जा रहे खाद्य तेल को बार-बार गर्म कर कम से कम काम में लेने के बारे में जागरूक किया गया। विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में नमक चीनी एवं तेल को कम उपयोग में लेने के लिए जागरूक किया गया, विद्यार्थियों को जंक फूड खाने से बचने को जागरूक किया गया एवं अपने खाने में हेल्दी फूड के रूप में मौसमी हरी सब्जियां एवं फलों के उपयोग को अधिक से अधिक लेने के लिए जागरूक किया गया। आयुक्त निर्देशानुसार पूर्व में ऐसे खाद्य प्रतिष्ठान जिनके नमूने असुरक्षित श्रेणी के पाए गए थे उनके दोबारा नमुनीकरण के आदेश प्राप्त हुए हैं जिसके तहत शनिवार को ग्रहणी मसाला उद्योग आटा वाली गली अलवर से हल्दी पाउडर का नमूना, जैन मसाला उद्योग केड़लगंज से लाल मिर्च पाउडर का नमूना एवं योगेश मिष्ठान भंडार मोहना बाबा की प्याऊ बस स्टैंड से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। लिए गए उक्त नमूने अगर दोबारा असुरक्षित श्रेणी के पाए जाते हैं तो उक्त प्रतिष्ठानों के लाइसेंस को निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित की जावेगी। उक्त कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, अशोक लखेरा एवं विश्व बंधु गुप्ता उपस्थित रहे।

## झुंझुनू में नाबालिग स्टूडेंट से छेड़छाड़ पर शिक्षक को सजाः 3 साल की जेल; घर छोड़ने के बहाने की थी अश्लील हरकतें

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट), झुंझुनू ने नाबालिग स्टूडेंट से छेड़छाड़ के मामले में स्कूल शिक्षक को 3 साल की सजा सुनाई। शिक्षक को दोषी ठहराया है। कुल 3 साल के कठोर कारावास और 20,000 रुपए के अर्थदंड से सजा दी है। यह मामला बगड़ थाने में मामला दर्ज हुआ था।

**यह था मामला**

मामले के अनुसार 28 मार्च 2024 को पीड़िता (घटना के समय उम्र 16 साल 11 महीना) अपनी माता के साथ पुलिस थाना बगड़ में उपस्थित हुई थी। पीड़िता ने लिखित रिपोर्ट में बताया कि वह 28.03.2024 को जीव विज्ञान का पेपर देने के बाद वह स्कूल से घर जाने की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान उसके जीव विज्ञान विषय के टीचर, स्कूल से बाहर निकल कर आए और उसे यह कहकर अपनी गाड़ी में बैठने को कहा कि वह घर की ओर जा रहे हैं और उसे घर छोड़ देंगे। पीड़िता जब पिछली सीट पर बैठने लगी तो आरोपी ने उसे आगे बैठने को कहा। गाड़ी में कुछ दूर चलते ही, आरोपी शिक्षक ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया और उसके प्राइवेट पार्ट को छूने लगा। पीड़िता के मना करने पर भी वह नहीं माना। जब वे पीड़िता के घर के सामने पहुंचे और पीड़िता गाड़ी से उतरने लगी, तो आरोपी ने उसका हाथ पकड़ कर उसे रोक लिया और जबरदस्ती करने की कोशिश की। पीड़िता ने घर जाकर यह घटना अपने घरवालों को बताई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा अनुसंधान के बाद आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने पत्रावली पर आई 13 गवाहों और 21 डाक्यूमेंट्स की साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाया। इस मामले में राज्य सरकार की तरफ से पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भांबू की ओर से की गई।

## पुरूष नसबंदी पखवाडे का समापन कार्यक्रम आयोजित



### परिवार नियोजन के प्रति जागरूक कर पुरूषों को नसबंदी को बढावा देने हेतु किया गया प्रेरित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरूष नसबंदी पखवाडे के अंतर्गत आयोजित सेवा वितरण सप्ताह का समापन कार्यक्रम 'स्वस्थ एवं खुशहाल परिवार, पुरूष सहभागिता से ही होगा यह सपना साकार' की थीम पर होटल स्वरूप विलास में आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि पुरूष नसबंदी पखवाडे के अंतर्गत 21 से 27 नवम्बर तक मोबिलाइजेशन सप्ताह एवं 28 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सेवा वितरण सप्ताह आयोजित हुआ, जिसके अंतर्गत पुरूष नसबंदी के बारे में समाज में जागरूकता लाने, परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी बढाने एवं पुरूषों द्वारा नसबंदी को स्वीकार करने हेतु आमजन को जागरूक कर प्रेरित किया गया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. छबील कुमार ने बताया कि पखवाडे के अंतर्गत योग्य दम्पत्तियों को जागरूक कर पुरूषों की परिवार में नियोजन में सहभागिता, परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों, परिवार सीमित रखने, सीमित परिवार के लाभों, प्रसव व गर्भपात पश्चात परिवार कल्याण सेवाएं, विवाह की सही आयु, विवाह पश्चात कम से कम 2 वर्ष बाद पहला बच्चों, दो बच्चों के बीच कम से कम 3 वर्ष का अंतर रखने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही पुरूष नसबंदी मिथ्याओं को दूर करने एवं परिवार पूर्ण होने पर पुरूष नसबंदी को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान, डॉ. देवेन्द्र कुमार, दीपा गौतम, नीरज गुप्ता, डीपीसी डूंगाराम भौवाल, बीएनओ ललित कुमार, हितेश कुमार, सुशील कुमार सहित समस्त बीपीएम, बीएचएस, पीएचएस, एलएचवी व शहरी क्षेत्र की समस्त आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

## बाबा श्याम का भव्य श्री श्याम तोरण द्वार का नींव मुहूर्त आज

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल शालीमार के तत्वावधान में अलवर के अपनाघर शालीमार स्थित श्री राम मंदिर प्रांगण में खाटू श्याम की तर्ज पर बाबा श्याम का भव्य श्री श्याम तोरण द्वार बनने जा रहा है। इस भव्य तोरण द्वार का नींव मुहूर्त एवं विशाल अन्नकूट भंडारे का आयोजन शनिवार को होगा। यह आयोजन प्रातः 9: 30 बजे से बाबा इच्छा तक श्री राम स्वरूप जी महाराज निज पुजारी मूंडरू धाम के पावन सन्निध्य में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाटू नरेश बाबा श्याम होगे। वही विशिष्ट अतिथि के रूप में केंदीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, अपना घर शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी, जीतू माली (अध्यक्ष एवं संस्थापक अखिल भारतीय स्वास्थ्य सेवा दल खाटू धाम) होगे।

# जिला कलेक्टर ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में दिए महत्वपूर्ण निर्देश

### बजट घोषणाओं और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जिला कलेक्टर ने की समीक्षा

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला पर्यावरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वृक्षारोपण, बजट घोषणाओं और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत आगामी मानसून में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण अभियान की तैयारी पर चर्चा से हुई। जिला कलेक्टर ने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के निर्देशों के अनुरूप जिले में 25 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर माइक्रो लेवल पर एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के स्वच्छ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी समुचित देखभाल अनिवार्य है। बैठक में वृक्षारोपण अभियान के लिए भूमि चयन, पौधों की उपलब्धता, नर्सरियों में प्लांटेशन की तैयारी, ष्टस्क्र के माध्यम से पौधारोपण करवाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही आमजन को इस अभियान से जोड़ने की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि पौधारोपण को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। जिला कलेक्टर ने सभी विभागों को विभागवार लक्ष्य तय कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाने और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने बजट घोषणाओं का पीपीटी प्रेजेंटेशन देखा और विभागों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने बजट घोषणाओं से संबंधित भूमि चिन्हीकरण और आवंटन की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी विभागों को 31 दिसंबर से पूर्व आवश्यक भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे समयबद्ध लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और लंबित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से निपटाएँ। बैठक में सुशासन से जुड़े बिंदुओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं—प्रधानमंत्री आवास योजना, उद्यानिकी विभाग की कुसुम कंपोनेंट-बी योजना और महिला अधिकारिता विभाग की लाडो योजना—की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने इन योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि जागरूकता कैंपों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़कर उनका लाभ सुनिश्चित कराया जाए। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल, उप वन संरक्षक राजेंद्र हुड्डा, सीएमएचओ डॉ. अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयपुर में रजिस्ट्री का काम फिर से शुरू, वकीलों की हड़ताल समाप्त

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। राजस्थान सरकार की ओर से रजिस्ट्री नियमों में संशोधन का नोटिफिकेशन जारी करने के बाद वकीलों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है और जयपुर में पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के सभी सब रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री का काम शुरू हो गया है य राजस्थान सरकार की ओर से गृह निर्माण सहकारी समितियां के पट्टा पर रजिस्ट्री करने पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके बाद से ही जयपुर सहित प्रदेश भर के सब रजिस्ट्रार कार्यालय में वकीलों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया था और वकील हड़ताल पर चले गए थे जयपुर में भी वकील हड़ताल पर थे वकील के हड़ताल पर चले जाने की वजह से सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कामकाज नहीं हो रहे थे जिसकी वजह से सरकार को लाखों रुपए का नुकसान भी हुआ वकीलों की हड़ताल को देखी थी तथा कई अन्य विषयों पर गंभीरता से मंथन करने के बाद फिलहाल सरकार ने रजिस्ट्री के नियमों के संशोधन के संदर्भ में नोटिफिकेशन जारी किया है नोटिफिकेशन को लेकर वकील सहमत हो गए इसके बाद शुक्रवार को फिर से सब रजिस्टर कार्यालय में वकीलों ने अपना कार्य शुरू कर दिया है जानकार लोगों का कहना है कि जयपुर ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में गृह निर्माण सहकारी समितियां की ओर से धोखाधड़ी के मामले जब प्रदेश के विभिन्न पुलिस स्टेशन में बड़ी संख्या में दर्ज हैं समितियां की ओर से एक ही भूखंड के कई फर्जी पट्टे जारी कर दिए जाते हैं जिसकी वजह से लोग कई सालों तक पुलिस कोर्ट कचहरी के चक्कर काटते रहते हैं जिसकी वजह से उनका पैसा और समय भी काफी खराब होता है और मानसिक रूप से भी काफी परेशान रहते हैं शायद इसी वजह से गृह निर्माण सहकारी समितियां कि गलत गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने सहकारी समिति के पट्टा पर रजिस्ट्री करने पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके बाद वकीलों में भी सरकार के इस निर्णय को लेकर नाराजगी थी तो एक अन्य पक्ष भी सरकार के इस निर्णय से खुश नजर नहीं आ रहा था फिलहाल सरकार ने रजिस्ट्री नियमों के संसाधनों में नोटिफिकेशन जारी कर कहीं ना कहीं लोगों के असंतोष को दूर करने का प्रयास किया है

## निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित होगी असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज शिक्षा) भर्ती परीक्षा-2025, आयोग ने जारी किए प्रवेश-पत्र

जयपुर टाइम्स

**जयपुर,(कासं.)** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज शिक्षा) भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। परीक्षा के लिए पंजीकृत 92600 अभ्यर्थियों के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर जारी किए जा चुके हैं। आयोग सचिव ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय की एकलपीठ के स्थगन आदेश दिनांक 3 दिसंबर 2025 के विरूद्ध आयोग द्वारा खंडपीठ में दिनांक 4 दिसंबर 2025 को अपील दायर की गई थी। इस पर 5 दिसंबर को हुई सुनवाई दौरान आयोग द्वारा पाठ्यक्रम जारी करने संबंधी तथ्य न्यायालय के समक्ष रखते हुए परीक्षा नियत समय पर कराए जाने की अनुमति हेतु प्रार्थना की गई थी, जिसे स्वीकार करते हुए खंडपीठ द्वारा परीक्षा कराए जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। परीक्षा अन्तर्गत राजस्थान का सामान्य ज्ञान (प्रश्न-पत्र तृतीय) की परीक्षा का आयोजन 7 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 से 2 बजे तक किया जाएगा। विभिन्न ऐच्छिक विषयों के प्रश्न-पत्रों की परीक्षा का आयोजन 8 से 20 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन दो पारियों में किया जाएगा। प्रथम पारी (प्रश्न-पत्र प्रथम) का समय सुबह 9 से 12 बजे तक और द्वितीय पारी (प्रश्न-पत्र द्वितीय) का समय दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा।

## सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग)भर्ती-2021, आयोग ने जारी किया 22 विषयों का साक्षात्कार कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (चिकित्सा शिक्षा विभाग) भर्ती-2021अंतर्गत 22 विषयों के लिए साक्षात्कार की तिथियाँ घोषित कर दी हैं। निर्धारित कार्यक्रमानुसार इन विषयों के पदों हेतु 15 से 30 दिसंबर 2025 तक साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ?अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नवीनतम स्पष्ट फोटोयुक्त मूल पहचान-पत्र तथा समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति के साथ उपस्थित होना होगा अन्यथा उन्हें साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

## आरएएस भर्ती-2024, 15 दिसंबर से शुरू होगा साक्षात्कार का द्वितीय चरण-

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**, राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती-2024 के पदों हेतु द्वितीय चरण के साक्षात्कार 15 से 24 दिसंबर 2025 तक आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरे गए विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियां मय सभी मूल दस्तावेजों व उनकी फोटोकॉपी के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को अपने साथ एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो और एक मूल फोटो पहचान पत्र भी लाना होगा। इन दस्तावेजों के बिना किसी भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाइट पर यथासमय अपलोड कर दिए जाएंगे।

# संसद की तर्ज पर राजस्थान विधानसभा में भी बनेगा सेंट्रल हॉल, महापुरुषों के 3डी चित्र होंगे स्थापित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। संसद की तर्ज पर राजस्थान विधानसभा में भी सेंट्रल हॉल का निर्माण किया जाएगा यह सेंट्रल हॉल राजस्थान विधानसभा के पंचम तल पर स्थापित किया जाएगा । इस सेंट्रल हॉल को काफी भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा सेंट्रल हॉल में राजस्थान की कला संस्कृति और विरासत संबंधी पेंटिंग्स स्थापित की जाएगी और इस सेंट्रल हॉल में महापुरुषों की 3 डी चित्र भी स्थापित किए जाएंगे । राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में सेंट्रल हॉल का निर्माण करने की घोषणा करती है और राजस्थान विधानसभा को सतत रूप से सुंदर और आकर्षक बनाने के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे जानकारी के अनुसार आने वाले सालों में अगर राजस्थान में विधान परिषद का भी गठन किया जाता है तो यह



सेंट्रल हॉल विधान परिषद के लिए भी उपलब्ध रहेगा। जानकारी के अनुसार इस सेंट्रल हॉल में राजस्थान विधानसभा के सदस्य अतिथि गण अधिकारी गण और मेहमान बैठ सकेंगे जलपान और इत्यादि की व्यवस्था भी यहां पर सुनिश्चित की



जाएगी बताया गया है कि राजस्थान विधानसभा के सेंट्रल हॉल को भी ठीक उसी तरह से लुक दिया जाएगा। जिस तरह से दिल्ली के संसद भवन में स्थित सेंट्रल हॉल को बनाया गया है दिल्ली का सेंट्रल हॉल देश और विदेश के राजनेताओं को खूब पसंद आता है दिल्ली के संसद के सेंट्रल हॉल की भव्यता और सुंदरता देखते ही बनती है इसलिए राजस्थान विधानसभा के सेंट्रल हॉल को भी आकर्षक और खूबसूरत तरीके से सजाया जाएगा जानकार लोगों का कहना है कि राजस्थान विधानसभा भवन देश के प्रमुख सरकारी स्मारकों में गिना जाता है। इसकी विशालता बनावट शिल्प कला चित्रकला इत्यादि देखते ही बनती है प्रदेश में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार रही हो विधानसभा को भव्य और आकर्षक बनाने में हर सरकारोंने अपनी बड़ी भूमिका निभाई प्रदेश की भजनलाल सरकार भी इस विधानसभा भवन को और खूबसूरत और आकर्षक बनाने के लिए अब भी सतत रूप से प्रयास करती रहती है विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी कई बार के विधायक हैं पूर्व में मंत्री रह चुके हैं और वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष भी हैं इसलिए विधानसभा में हमेशा कुछ नया करने की परिकल्पना उनके दिल और दिमाग में छाई रहती है इसी क्रम में उन्होंने अब राजस्थान विधानसभा में भी संसद की तारीफ पर सेंट्रल हॉल बनाने का ऐलान किया है ।

## चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर ने जयपुरिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश की चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौर शुक्रवार को राजधानी



जयपुर के जयपुरिया सरकारी अस्पताल में अचानक निरीक्षण करने के लिए पहुंची राठौर को अचानक अस्पताल में देखकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया राठौर ने अस्पताल के एक-एक वार्ड में जाकर मरीज से बातचीत की और उनसे अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में भी सवाल जवाब किए राठौर ने दवाई वितरण सफाई बिस्तर इत्यादि के बारे में मरीज और उनके परिजनों से बातचीत की राठौर ने अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों से अस्पताल में जिन-जिन संसाधनों की कमी है और जो जो समस्याएं हैं उनके बारे में भी सवाल जवाब किया इसके अलावा अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों को मरीज का समुचित इलाज करने और सर्दी के मौसम में मरीज के साथ आने वाले परिजनों से जुड़ी विभिन्न तरह की समस्याओं के निस्तारण के लिए भी कहा जानकारी के अनुसार जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों की संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है ट्रॉमा सेंटर में भी मरीज की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है इसलिए पिछले दिनों मुख्य सचिव श्रीनिवास जब सवाई मानसिंह अस्पताल में निरीक्षण करने आए थे तब उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि जयपुरिया अस्पताल में एक ट्रॉमा सेंटर को विकसित करके कहीं ना कहीं सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीज का जो अत्यधिक बोझ आ रहा है उसको कम करने का प्रयास किया जाएगा इसलिए कहा जा रहा है कि राठौर जिस तरह से शुक्रवार को जयपुरिया अस्पताल में पहुंची है तो कहीं ना कहीं इस अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर को विकसित करने संबंधी तथ्यों पर भी उन्होंने स्टडी की है उल्लेखनीय है कि गायत्री राठौर पिछले कुछ दिनों से लगातार जयपुर के विभिन्न बड़े अस्पतालों में जाकर व्यवस्थाओं का गंभीरता से जायजा ले रही है पिछले दिनों जेके लोन अस्पताल में भी उन्होंने मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था और अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे शुक्रवार को राठौर अचानक निरीक्षण करने के लिए जयपुरिया अस्पताल में पहुंची

## प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024' - ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अवसर

*जयपुर(कासं.) राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत विचारित सूची में सम्मिलित 5 विषयों के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं, को इस संबंध में अवसर दिया गया है। इसके अंतर्गत इतिहास, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के अभ्यर्थियों को अंतिम तथा भौतिकी एवं अर्थशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। इतिहास, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के अभ्यर्थी 6 से 8 दिसंबर 2025 की रात्रि 11:59 बजे तक अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। भौतिकी एवं अर्थशास्त्र विषयों के अभ्यर्थी 6 से 10 दिसंबर 2025 की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।*

## नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने ली समीक्षा बैठक

### राजस्व वसूली हेतु तय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित करने के निर्देश

### जोन उपायुक्तों को फील्ड में जाकर धरातल पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय पर सभी जोन एवं मुख्यालय उपायुक्तों, एक्सईन आरो सहित अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। दो घंटे से भी अधिक चली इस मैराथन बैठक में एजेण्डावार संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में शहरी समस्या समाधान शिविर-2025 के फालोअप कैम्प (दिनांक 17 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2025) प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की समीक्षा, नगरीय विकास कर, संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय, लोकायुक्त सचिवालय, मानवाधिकार आयोग एवं कॉल सेन्टर पर प्राप्त समस्त प्रकार की लंबित शिकायतें, स्वच्छता/सफाई जैसे कई बिन्दुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। आयुक्त ने आगामी 17 दिसम्बर से आयोजित किये जाने वाले सात दिवसीय शहरी समस्या समाधान शिविर से संबंधित सभी तैयारियों को पूर्ण कर लेने के निर्देश दिये। आयुक्त ने कहा कि शिविर में आने वाले आम जन को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाऐं जैसे




पानी, बैठने की उचित व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाऐं सुनिश्चित की जायें। आमजन से प्राप्त सभी समस्याओं त्वरित एवं प्रभावित निस्तारण किया जावे। शिविरों में लंबित प्रकरणों के साथ-साथ प्राप्त होने वाले सभी नये आवेदनों का निस्तारण मौके पर ही किया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयुक्त ने प्रवासी राजस्थानी दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की। आयुक्त ने निर्देश दिये कि शहर की सफाई व्यवस्था हमारे लिए प्राथमिकता है। इसलिए माइक्रो लेवल पर प्लानिंग कर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। शहर के सौंदर्यकरण के लिए बेहतरीन प्रयास करें। पर्यटन व धार्मिक स्थलों की सफाई व्यवस्था पर फोकस करें। आयुक्त ने सख्त लहजे में सभी जॉन उपायुक्तों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन फील्ड में निकलें व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। धरातल पर सफाई का काम दिखना चाहिए। आगामी दिनों में प्रतिदिन का बीट प्लान बनाया जाएगा जिसमें सुबह एवं शाम की बीट तय की जायेगी। संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की जवाबदेही सुनिश्चित की जायेगी। इसके साथ ही अलग से क्यूआरटी टीम (फनपबा त्मेचवदबम ज्मंउ) भी एक्टीवेट कर दी गई है। आयुक्त ने कहा कि मुख्य मार्गों, ग्रीन बैल्ट, डिवाईडर की सफाई पर तो फोकस होना ही चाहिए शहर की अन्य गलियों की भी सफाई सुनिश्चित हो। इसलिए सभी जोन उपायुक्त अपनी टीमों को एक्टीवेट करें

# राज्यसभा में राठौड़ ने पीएम मोदी की प्रशंसा की: द्रव्य पोर्टल में अब तक 378 औषधीय पौधों का डिजिटल खज़ाना

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। भाजपा राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने द्रव्य पोर्टल के कार्यान्वयन से जुड़े परियोजना के महत्व को ध्यान में रखते हुए सवाल लगाया। राठौड़ के सवाल पर आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने द्रव्य पोर्टल की कार्यप्रणाली, उद्देश्यों सूचीबद्ध औषधीय पौधों की संख्या तथा इसे अन्य डिजिटल पहलों से जोड़ने की योजना पर विस्तार से जानकारी सदन में रखी। राठौड़ ने बताया कि भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद विश्वभर में अपनी प्रभावशीलता वैज्ञानिक आधार और समृद्ध विरासत के लिए प्रसिद्ध है। इसी गौरवशाली परंपरा को डिजिटल स्वरूप में संरक्षित और वैश्विक स्तर पर



स्थापित करने के उद्देश्य से मोदी सरकार ने द्रव्य पोर्टल की ऐतिहासिक पहल की है। यह पोर्टल प्रामाणिक आयुष ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हुए भविष्य की स्वास्थ्य-व्यवस्था में भारत का नेतृत्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रतापराव जाधव ने सदन को बताया कि यह पोर्टल केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषदद्वारा विकसित किया गया है। इसका मुख्य लक्ष्य है आयुष द्रव्यों का एक प्रमाणिक, शोध-आधारित और पुनः उपयोगी डिजिटल डेटाबेस तैयार करना जिसमें आहार और औषधि दोनों शामिल हैं। इस पोर्टल में एक सरल एवं उपयोगकर्ता अनुकूल इंटरफेस है, जिसमें समर्पित सर्च बॉक्स उपलब्ध है। इसकी मदद से शोधकर्ता, विद्यार्थी और चिकित्सक किसी भी आयुष द्रव्य पर उपलब्ध जानकारी को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करता है कि जनता को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त करने में आधुनिक डिजिटल तकनीक का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सरकार के अनुसार पोर्टल का उद्देश्य है सत्यापित और वैज्ञानिक रूप से मान्य जानकारी देना जिसमें आयुर्वेद विवरण पादपशास्त्ररसायनशास्त्र, फार्मेसी और फार्माकोलॉजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। इसे आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 23 सितंबर 2025 को लॉन्च किया गया जो पारंपरिक चिकित्सा और आधुनिक तकनीक के संगम का प्रतीक है। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि अब तक लगभग 378 औषधीय पौधों की प्रमाणिक जानकारी इस पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। इनका चयन आयुर्वेद में उनके पारंपरिक उपयोग और आधिकारिक प्राचीन ग्रंथों में वर्णित महत्व के आधार पर किया गया है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि द्रव्य पोर्टल में शामिल जानकारी केवल प्रमाणिक स्रोतों पर आधारित हो। आयुष मंत्रालय ने इसे अपनी अन्य प्रमुख डिजिटल पहलों के साथ भी जोड़ने की योजना बनाई है ताकि स्वास्थ्य क्षेत्र में मानकीकरण आसान पहुंच अनुसंधान सहयोग और भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत किया जा सके। राठौड़ ने बताया कि मोदी सरकार का यह कदम भारत की पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को दुनिया के सामने वैज्ञानिक रूप से प्रस्तुत करेगा। निश्चित रूप से द्रव्य पोर्टल न सिर्फ़ आयुर्वेद की गहराई को डिजिटल रूप देकर सुरक्षित कर रहा है बल्कि शोधकर्ताओंछात्रों और चिकित्सकों के लिए ज्ञान का एक विश्वसनीय मंच भी स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष और भारतीय चिकित्सा विज्ञान को वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली में अग्रणी भूमिका दिलाने की दिशा में यह पहल एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी।

# जहां-जहां भाजपा की सरकार है वहां अदालत को बम से उड़ाया जाएगा

## जयपुर में हाई कोर्ट में बम की सूचना, पुलिस और प्रशासन में मचा हड़कंप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)**। प्रदेश में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बम होने की सूचना ने पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मचा दिया बुधवार को जयपुर जिलाधीश कार्यालय में बम की सूचना इसके बाद अगले दिन गुरुवार को अजमेर जिलाधीश कार्यालय और अजमेर दरगाह में बम होने की सूचना और बुधवार को जयपुर जिलाधीश कार्यालय में बम की सूचना, इसके बाद अगले दिन गुरुवार को अजमेर जिलाधीश कार्यालय और अजमेर दरगाह में बम होने की सूचना और फिर अगले दिन शुक्रवार को जयपुर के हाई कोर्ट में बम होने की सूचना ने पुलिस और प्रशासन के लिए बड़ी मुश्किल और बड़ी चुनौती खड़ी कर दी



है । हालांकि शुक्रवार को राजस्थान हाई कोर्ट में बम होने की सूचना मिलने के बाद शहर पुलिस के बड़े अधिकारी तमाम संसाधन के साथ मौके पर पहुंचे खोजी कुत्ते बमनिरोधक दस्ते को भी बुलाया गया और हाईकोर्ट परिसर तथा आसपास के इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया । काफी देर तक तलाशी अभियान को अंजाम देने के बाद पुलिस ने इस सूचना को भी गलत करार दिया हालांकि बम की सूचना के बाद हाईकोर्ट परिसर को तुरंत खाली करवा दिया गया हाई कोर्ट परिसर में बड़ी संख्या में वकील और लोगों की उपस्थिति हमेशा रहती है इसलिए सूचना मिलने के बाद हाई कोर्ट परिसर को खाली करवाना भी जरूरी हो जाता है क्योंकि पुलिस को इस तरह की सूचना को सत्य ही मानना पड़ता है क्योंकि पुलिस को डाउट रहता है कि अगर कहीं यह सूचना सही हो तो फिर मौके पर काफी जनहानि भी हो सकती है इसलिए इस तरह की सूचना पर मौके पर लोगों को बाहर निकाल ही दिया जाता है इसलिए हाई कोर्ट को भी खाली करवाया गया और इसके बाद काफी देर तक हाई कोर्ट परिसर और आसपास के पूरे इलाके में पुलिस ने सघन जांच पड़ताल शुरू की लेकिन जांच पड़ताल में और तलाशी में पुलिस को कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली ।इसके बाद पुलिस ने हाई कोर्ट परिसर को पूरी तरह से सुरक्षित करार दिया जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट के रजिस्टर के दफ्तर में ईमेल के माध्यम से सूचना दी गई थी कि हाईकोर्ट परिसर में सभी जगह सूचना दी गई थी कि हाईकोर्ट परिसर मे 7 जगह पर आरडीएक्स रखा हुआ है साथ में ईमेल में यह भी लिखा हुआ था कि राजस्थान हाई कोर्ट में अगर कोई मुसलमान हो तो वह जल्दी से जल्दी हाई कोर्ट से बाहर निकल जाए । ईमेल में यह भी लिखा था कि जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार है वहां पर अदालत में बम विस्फोट किए जाएंगे ताकि सनातनी लोगों को यह पता चल जाए कि स्टालिन का विरोध करना उन्हें कितना भारी पड़ रहा है। पुलिस ईमेल के बारे में जांच पड़ताल कर रही है लेकिन जैसा की पिछले दो दिनों में भी इस तरह की सूचना देने वाले व्यक्ति तक पहुंच पुलिस नहीं पहुंच पाई । हालांकि पुलिस ने अपने स्तर पर हर तरह से जांच पड़ताल को अंजाम दिया लेकिन बम की सूचना देने वाले लोगों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई हाई कोर्ट में बम की सूचना मिलने की इस खबर से वकीलों में भी गहरा गुस्सा छाया हुआ है । वकीलों का कहना है कि इस तरह के मामलों की पुलिस को काफी गंभीरता से जांच पड़ताल करनी चाहिए और इस तरह की गलत सूचना देने वाले व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की दिशा में पुलिस को काम करना चाहिए वकीलों का कहना है कि अब तक देखने में यही आया है कि राजधानी जयपुर और प्रदेश में कई जगहों पर पिछले कुछ महीना में बम की गलत सूचनाओं दी गई। लेकिन अधिकांश मामलों में पुलिस ने इस तरह की सूचना देने वाले लोगों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई इसलिए जब तक इस तरह की फर्जी सूचनाओं देने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई नहीं होगी तब तक इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगना मुश्किल है इसलिए इस तरह की सूचनाओं को भी अब गंभीर अपराध की श्रेणी में शामिल करना बहुत जरूरी हो गया है ।

# जाति से आगे निकलती राजनीति

*इस रूपांतरण को चुनाव परिणाम के विश्लेषण से सहज ही समझा जा सकता है। चुनाव परिणाम ने दिखाया कि अस्मितापरक गोलबंदी की राजनीति अब धीरे-धीरे अपना प्रभाव खोती जा रही है। विशेष रूप से जातीय अस्मिताओं की राजनीति, जो जातियों के बीच जातिभाव का टकराव बढ़ाकर विकसित की जाती है। बिहार के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि जनता को अब उससे कुछ ज्यादा चाहिए। राजनीतिशास्त्री रजनी कोठारी ने एक बार कहा था कि राजनीति को जाति चाहिए और जाति को राजनीति। नए संदर्भ में अब यह कहना उचित होगा कि राजनीति जाति से आगे निकल रही है। बिहार में तो ऐसा होता हुआ साफ दिखा। जातीय अस्मिता की राजनीति का जो राजनीतिक दर्शन जातियों के बीच अपने बनाम पराए की अवधारणा पर टिका है, उसमें संवाद एवं सहकार का भाव विकसित हुआ है। बिहार के चुनाव को अगर जाति के आप्टिक्स से देखें तो भी ज्यादातर जातियों ने आपसी समझ एवं समायोजन विकसित कर वोट दिया। नतीजों का यह निहितार्थ भी है कि धीरे-धीरे भारत की चुनावी राजनीति दशकों पुराने एंटी इनकंबेंसी यानी सत्ता विरोधी रुझान की अवधारणा को खारिज करती जा रही है। मतदाताओं के मानस में एंटी इनकंबेंसी की जगह प्रो इनकंबेंसी की प्रवृत्ति बढ़ रही है।*



बिहार विधानसभा चुनाव में राजग को अद्भुत विजय प्राप्त हुई। इसे अद्भुत इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि इसमें सर्वसमाज की चुनावी भागीदारी मुखरता से अभिव्यक्त हुई। समाज के सभी हिस्सों- दलित, पिछड़ा, अगड़ा, महिला और युवाओं का सर्वाधिक मत एवं समर्थन राजग के घटक दलों को मिला। बिहार के 67 प्रतिशत ओबीसी में से अगड़े ओबीसी का 71 प्रतिशत तथा अति पिछड़े ओबीसी का 68 प्रतिशत मत राजग को मिला। महागठबंधन के सबसे बड़े घटक राजद के ठोस वोट बैंक माने जाने वाले यादव और मुस्लिमों के मतों का भी एक हिस्सा राजग को प्राप्त हुआ। महागठबंधन के पक्ष में मुस्लिम-यादव गोलबंदी इस चुनाव में कुछ कमजोर पड़ी। करीब 60 प्रतिशत दलितों ने राजग को चुना। 48 प्रतिशत महिलाओं और 46 प्रतिशत पुरुषों ने भी राजग को वोट दिया। इसी के साथ युवाओं के एक बड़े प्रतिशत ने भी राजग की विजय में बड़ी भूमिका निभाई। आंकड़े बताते हैं कि बिहार में समाज के सभी आर्थिक वर्गों यथा उच्च वर्ग, मध्य वर्ग एवं निम्न आर्थिक वर्ग ने अपना सर्वाधिक समर्थन जदयू-भाजपा के गठबंधन को दिया। बिहार का जनादेश भारतीय समाज एवं भारतीय जनतंत्र की मूल प्रवृत्ति में बड़े रूपांतरण का द्योतक है। इस रूपांतरण को चुनाव परिणाम के विश्लेषण से सहज ही समझा जा सकता है। चुनाव परिणाम ने दिखाया कि अस्मितापरक गोलबंदी की राजनीति अब धीरे-धीरे अपना प्रभाव खोती जा रही है। विशेष रूप से जातीय अस्मिताओं की राजनीति, जो जातियों के बीच जातिभाव का टकराव बढ़ाकर विकसित की जाती है। बिहार के चुनाव परिणाम बता रहे हैं कि जनता को अब उससे कुछ ज्यादा चाहिए। राजनीतिशास्त्री रजनी कोठारी ने एक बार कहा था कि राजनीति को जाति चाहिए और जाति को राजनीति। नए संदर्भ में अब यह कहना उचित होगा कि राजनीति जाति से आगे निकल रही है। बिहार में तो ऐसा होता हुआ साफ दिखा। जातीय अस्मिता की राजनीति का जो राजनीतिक दर्शन जातियों के बीच अपने बनाम पराए की अवधारणा पर टिका है, उसमें संवाद एवं सहकार का भाव विकसित हुआ है। बिहार के चुनाव को अगर जाति के आप्टिक्स से देखें तो भी ज्यादातर जातियों ने आपसी समझ एवं समायोजन विकसित कर वोट दिया। नतीजों का यह निहितार्थ भी है कि धीरे-धीरे भारत की चुनावी राजनीति दशकों पुराने एंटी इनकंबेंसी यानी सत्ता विरोधी रुझान की अवधारणा को खारिज करती जा रही है। मतदाताओं के मानस में एंटी इनकंबेंसी की जगह प्रो इनकंबेंसी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ऐसा विशेष रूप से उन दलों और गठबंधनों के लिए हो रहा है, जिन्होंने विकास की राजनीति को जनकल्याण की नीतियों के साथ जोड़कर उन्हें अपने प्रशासन के माध्यम से जमीन पर सफलता एवं ईमानदारी से उतारा है। बिहार में महिला मतों की राजग के पक्ष में गोलबंदी इसी रसायन का परिणाम है। यह वह रसायन है, जिसे अपनी-अपनी राजनीति में पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू ने विकसित किया है। इस राजनीतिक रसायन ने किसान, मजदूर, दलित, महिला और युवा सभी को प्रभावित किया। बिहार के जनादेश ने यह भी साबित किया कि विकास की राजनीति एवं कल्याणपरक योजनाओं ने भारतीय समाज में ऐसी आकांक्षाएं जगाई हैं, जिसने जाति एवं पंथ की दीवारों एवं अस्मितापरक भावनाओं की परिधि को तोड़कर भाजपा एवं राजग के पक्ष में बड़ा समर्थन तैयार किया। बिहार के मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं से बने लाभार्थी वर्ग का हिस्सा बन चुका है। स्वाभाविक है कि उनमें से अधिकांश ने विधानसभा चुनावों में राजग को वोट दिया। लाभार्थी चेतना की एक प्रवृत्ति यह होती है कि उसे सतत रूप से अपनी जरूरतों के अनुसार राज्य सत्ता से नया समर्थन पाने की चाह होती है। भाजपा एवं राजग ने लाभार्थी चेतना की इसी प्रवृत्ति को समझते हुए महिला रोजगार कार्यक्रम के तहत 10 हजार रुपये का वित्तीय समर्थन देना शुरू किया, जिसने महिला मतदाताओं को बड़ी संख्या में राजग के पक्ष में जोड़ा। इस प्रकार तमाम धारणाओं को ध्वस्त करते हुए गरीब सामाजिक समूहों में लाभार्थी अस्मिता विकसित होती जा रही है। भारतीय राज्य और समाज में आए इन नए परिवर्तनों ने हमें राजनीति को समझने के पुराने तौर-तरीकों को बदलने के लिए प्रेरित किया है। बिहार विधानसभा चुनाव ने भारतीय मतदाताओं के स्तर पर आकार ले रहे नए परिवर्तनों से भी हमारा साक्षात्कार कराया। इन चुनावों ने दर्शाया कि सामाजिक न्याय की राजनीति में बड़ा परिवर्तन हुआ है। सामाजिक राजनीति का दावा करने वाले राजनीतिक दलों की इस बार दाल नहीं गली। बिहार के दलित और पिछड़े वर्ग ने सामाजिक न्याय की अपनी आकांक्षा के लिए राजग पर विश्वास दिखाया। यह इसलिए भी संभव हुआ, क्योंकि सामाजिक न्याय की अवधारणा अब व्यापक हुई है। वह अब क्षैतिज विस्तार ले रही है। इसमें न केवल आरक्षित वर्ग वरन हाशिए पर बसे समुदायों में सरकारी योजनाओं के प्रभाव में आगे बढ़ने की आकांक्षा भी शामिल हुई है। पीएम मोदी ने सामाजिक न्याय की नई अवधारणा, जिसे समग्र सामाजिक न्याय की अवधारणा कहा जा सकता है, विकसित की है। बिहार की जनता ने इसी संकल्पना पर मुहर लगाई।

## सम्पादकीय

# दिल्ली से कोलकाता जाने का किराया 38 हजार रुपये




विमान यात्रा को सबसे सुव्यवस्थित सेवा के तौर पर जाना जाता है, जहां समय का पूरा ध्यान रखने के साथ-साथ लोगों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाना एक सामान्य बात रही है। सभी विमान कंपनियां बेहतरीन सेवा देने के दावे के साथ लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। मगर पिछले कुछ समय से हवाई जहाज से कहीं आने-जाने की राह में कई स्तरों पर जिस तरह की चुनौतियां खड़ी हो रही हैं, उससे पता चलता है कि विमान सेवाओं की गुणवत्ता में अप्रत्याशित रूप से तेज गिरावट आई है। इसका खमियाजा आम यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि देश की सबसे बड़ी विमान सेवा मानी जाने वाली इंडिगो एअरलाइंस में परिचालन से संबंधित अड़चन गुरुवार को भी जारी रही और इसकी तीन सौ से ज्यादा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द कर दिया गया। जो विमान अपने गंतव्य के लिए उड़ान भर सके, उनमें भी निर्धारित समय से देरी हुई। पिछले महीने इंडिगो की बारह सौ से ज्यादा उड़ानों के रद्द होने की खबर आई थी। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतनी ज्यादा उड़ानें रद्द होने की वजह से हजारों यात्रियों के सामने किस तरह की परेशानी पैदा हुई होगी। कायदे से होना यह चाहिए था कि इतने बड़े पैमाने पर अगर किसी भी वजह से समस्या आ रही है, तो यात्रियों को समय रहते इसकी सूचना दी जाए। अगर लोगों को सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाने की कोई भी सूरत निकल सके, तो इसे सुनिश्चित करना विमान कंपनी की जिम्मेदारी है। मगर ऐसा लगता है कि जिन लोगों ने इंडिगो से कहीं जाने का टिकट लिया, उनकी न केवल उड़ानें रद्द हुईं, बल्कि उनके लिए किसी तरह का वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया। इस अड़चन के बाद कंपनी ने छोटी-मोटी तकनीकी गड़बड़ी, उड़ान समय में बदलाव, खराब मौसम, बढ़ती भीड़ और उड़ान ड्यूटी समय सीमा से संबंधित नए नियमों के लागू होने जैसे कारण बताए। मगर जितनी बड़ी तादाद में उड़ान रद्द या उनमें देरी हुई, क्या यह प्रबंधन और व्यवस्था में लापरवाही से लेकर सेवा में कमी का नतीजा नहीं है? यह छिपा नहीं है कि विमान का मनमाना किराया या अलग-अलग तरीके से ज्यादा पैसे वसूलने में कंपनियां कोई संकोच नहीं करती हैं। इंडिगो की उड़ानों में देरी और रद्दीकरण के कारण कई प्रमुख मार्गों पर किराए चार गुना से ज्यादा बढ़ा दिए गए। सवाल है कि अव्यवस्था के नतीजे में अगर किसी को दिल्ली से कोलकाता जाने के लिए अड़तीस हजार रुपए चुकाने पड़े, तो इसके लिए कौन जवाबदेह है? आज बहुत सारे यात्री आमतौर पर कोई बेहद जरूरी काम और जल्दी पहुंचने के लिए हवाई यात्रा का विकल्प चुनते हैं। हाल के वर्षों में जैसे-जैसे विमान से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होनी शुरू हुई, तो एअरलाइंस कंपनियों ने ज्यादा सुविधाएं और सुरक्षित यात्रा का भरोसा देकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। मगर आज हालत यह है कि यात्री पहले टिकट लेकर हवाई अड्डा पहुंचते हैं और उसके बाद वहां उन्हें उड़ान रद्द होने या काफी देरी से जाने की सूचना दी जाती है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आईं, जिसमें उड़ान के बाद तकनीकी गड़बड़ी की वजह से किसी विमान को आपात स्थिति में उतारना पड़ा। अनिश्चित उड़ान और सुरक्षा से जुड़ी आशंकाओं के बीच आम यात्रियों को लेकर विमान कंपनी और सरकार की क्या जिम्मेदारी है? अगर किसी कारण से उड़ान में अड़चन पैदा हो रही है, तो उसे दूर करने का दायित्व किसका है?

# सत्ता संघर्ष में फंसी कर्नाटक कांग्रेस



मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने और पाने के लिए संघर्षरत दो नेताओं को चार दिन में दो बार साथ-साथ नाश्ता करना पड़े तो कर्नाटक की सत्ता-राजनीति में सब कुछ सामान्य नहीं माना जा सकता। माना जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान की सलाह पर मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार अपने जगजाहिर सत्ता संघर्ष को 'ब्रेकफास्ट डिप्लोमेसी' से छिपाने में लगे हैं। मई 2023 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने सिद्दरमैया कार्यकाल की आधी अवधि पूरी कर चुके हैं और शिवकुमार चाहते हैं कि अब उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाए। चर्चा है कि 2023 में दोनों के ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री रहने का फार्मूला आलाकमान ने बनाया था। ऐसी चर्चाएं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी सुनने में आई थीं। 2018 में मध्य प्रदेश की कांग्रेस सरकार ज्योतिरादित्य सिंधिया के 'हाथ' छोड़ 'कमल' थाम लेने के चलते जल्दी ही गिर गई थी, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकारें सत्ता में वापसी नहीं कर पाईं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और सचिन पायलट ने आलाकमान को ढाई-ढाई साल कुर्सी का फार्मूला याद दिलाया था, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला। हां, अगले चुनाव में दोनों ही राज्यों में कांग्रेस सत्ता से बाहर अवश्य हो गई। सिद्दरमैया और शिवकुमार नेतृत्व के मुद्दे पर आलाकमान का फैसला 'अंतिम' होने की बात कह रहे हैं। आलाकमान के दिल्ली बुलावे का इंतजार दोनों को है। सिद्दरमैया मंत्रिमंडल में फेरबदल की मंजूरी चाहते हैं, ताकि नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगे, जबकि शिवकुमार ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्रित्व का वादा याद दिलाना चाहते हैं। आलाकमान खुद को 'इधर कुआं, उधर खाई' वाली स्थिति में पा रहा है। 77 साल के सिद्दरमैया के मुकाबले 63 साल के शिवकुमार युवा हैं, पर क्या वह मुख्यमंत्री बनने के लिए अगले चुनाव तक इंतजार करना चाहेंगे? ध्यान रहे कांग्रेस की अंतर्कलह के बीच भाजपा दक्षिण भारत में अपना दुर्ग रहे कर्नाटक को वापस पाने की ताक में है। साधनसंपन्न शिवकुमार कांग्रेस के लिए संकटमोचक की भूमिका निभाते रहे हैं। प्रश्न है कि यदि उपयोगिता के बावजूद आलाकमान ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्रित्व का अपना कथित वादा नहीं निभा पाता, तब क्या शिवकुमार इंतजार करने के बजाय ज्योतिरादित्य सिंधिया बनना पसंद नहीं करेंगे? ध्यान रहे कि अधिकांश नेता सिर्फ सत्ता के सगे होते हैं। कांग्रेस आलाकमान की समस्या यह है कि कोई भी फैसला जोखिम मुक्त नहीं। इस आशंका से इन्कार नहीं कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने की स्थिति में सिद्दरमैया भाजपा से दोस्ती कर लें। वह मूलतः कांग्रेसी नहीं हैं। लोकदल की पृष्ठभूमि वाले सिद्दरमैया जनता दल (सेक्युलर) में भी रह चुके हैं। एचडी देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी से टकराव के चलते उन्हें कांग्रेस में आना पड़ा। 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा में कांग्रेस के 135 विधायक हैं तो भाजपा और जद-एस के क्रमशः 66 और 19 विधायक। चार अन्य भी सत्ता के साथ गिने जा सकते हैं। दो-ढाई दर्जन विधायक भी पाला बदल लें तो 'खेल' हो जाएगा। दलबदल कानून की चिंता इसलिए नहीं कि विधायकों के इस्तीफे से सदन की प्रभावी संख्या कम कर बहुमत का आंकड़ा नीचे लाने का जुगाड़ कर्नाटक में पहले भी आजमाया जा चुका है। कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है, लेकिन राजनीतिक संकट के समाधान के लिए दोनों पक्ष नेहरू-गांधी परिवार की ओर ही ताक रहे हैं। 2023 के चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक की सत्ता इसलिए हासिल कर पाई, क्योंकि विभाजित भाजपा के विरुद्ध सत्ता विरोधी भावनाओं को भुनाने के लिए सिद्दरमैया और शिवकुमार समेत सभी नेता एकजुट थे। कर्नाटक की चुनावी राजनीति तीन प्रमुख समुदाय तय करते हैं: लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरबा। शिवकुमार कर्नाटक की दूसरी प्रमुख जाति वोक्कालिगा से हैं तो सिद्दरमैया तीसरी प्रमुख जाति कुरबा से। सर्वाधिक असरदार समुदाय लिंगायत येदियुरप्पा को मुख्यमंत्री पद से हटाने के चलते पिछले चुनाव में भाजपा से नाराज दिखा था। भाजपा ने वोक्कालिगा समुदाय के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के जद-एस से गठबंधन कर नुकसान की भरपाई करनी चाही, पर सत्ता विरोधी भावना से लेकर भ्रष्टाचार के आरोपों तक तमाम परिस्थितियां उसके विरुद्ध साबित हुईं। शिवकुमार भी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में थे, पर सामाजिक-राजनीतिक समीकरण साधते हुए आलाकमान ने सिद्दरमैया की ताजपोशी का फैसला किया। शिवकुमार कांग्रेस के लिए राजनीतिक-आर्थिक रूप से बेहद उपयोगी हैं, तो सिद्दरमैया खुद को कांग्रेस के लिए अपरिहार्य बनाना चाहते हैं। क्षत्रपों की मनमानी से अतीत में राज्य-दर-राज्य हुए नुकसान से कांग्रेस आलाकमान ने इतना सबक तो सीख ही लिया है कि किसी भी क्षत्रप को पार्टी के लिए अपरिहार्य न बनने दे, लेकिन वैसा होने से रोकने के लिए वह जरूरी साहस अभी तक नहीं दिखा पाया है।

# जारी रहे एसआईआर

**और अभी हाल में बिहार में इस काम को कहीं कम समय में किया गया, तब फिर विपक्षी दल किस आधार पर यह आस लगाए हैं कि सुप्रीम कोर्ट 12 राज्यों में जारी इस प्रक्रिया को रोक देगा? सुप्रीम कोर्ट लगातार यही संकेत दे रहा है कि वह एसआईआर को रोकने के पक्ष में नहीं, लेकिन शायद विपक्षी दल दीवार पर लिखी इबारत पढ़ने को तैयार नहीं। यह राजनीतिक हठधर्मी ही है। विपक्षी दलों की इस बात में तो कुछ तत्व दिखता है कि एसआईआर का काम कर रहे बीएलओ दबाव में हैं,**



तथ्य यह है कि अनेक दल इसकी परवाह नहीं कर रहे हैं कि उनके कार्यकर्ता बीएलओ का काम आसान करें। उचित यह होगा कि आम लोग बीएलओ का सहयोग करें। लोकतंत्र को पुष्ट करने वाली एसआईआर प्रक्रिया सही तरीके से संपन्न हो, यह जिम्मेदारी आम जनता की भी है। सरकारी कर्मियों की तरह आम लोगों के भी कुछ दायित्व होते हैं। उन्हें अपने नागरिक धर्म का निर्वाह करना चाहिए। कई जगह यह देखने में आ रहा है कि बीएलओ को कुछ लोगों के यहां बार-बार जाना पड़ रहा है या फिर फोन करना पड़ रहा है। मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह यह कहा कि यह एक आवश्यक काम है और संबंधित कर्मचारियों यानी बीएलओ को इसे करना ही होगा, उसके बाद इस प्रक्रिया के खिलाफ खड़े लोगों को यह समझ आ जाए तो अच्छा कि इस पहल का विरोध करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। यह विचित्र है कि विपक्षी दल एसआईआर के खिलाफ न केवल संसद में मोर्चा खोले हुए हैं, बल्कि सुप्रीम कोर्ट में भी याचिकाओं का ढेर लगाए हुए हैं। इसके पहले वे बिहार में इस प्रक्रिया के दौरान वोट चोरी का आरोप लगाते हुए सड़कों पर उतरे थे। यह व्यर्थ की कसरत ही सिद्ध हुई थी। बावजूद इसके विपक्षी दल यह समझने को तैयार नहीं कि वे एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं। आखिर जब अतीत में मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण होता रहा है और अभी हाल में बिहार में इस काम को कहीं कम समय में किया गया, तब फिर विपक्षी दल किस आधार पर यह आस लगाए हैं कि सुप्रीम कोर्ट 12 राज्यों में जारी इस प्रक्रिया को रोक देगा? सुप्रीम कोर्ट लगातार यही संकेत दे रहा है कि वह एसआईआर को रोकने के पक्ष में नहीं, लेकिन शायद विपक्षी दल दीवार पर लिखी इबारत पढ़ने को तैयार नहीं। यह राजनीतिक हठधर्मी ही है। विपक्षी दलों की इस बात में तो कुछ तत्व दिखता है कि एसआईआर का काम कर रहे बीएलओ दबाव में हैं, लेकिन इस समस्या का समाधान यह नहीं कि इस प्रक्रिया को रोक दिया जाए। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को निर्देश दिए कि वे एसआईआर कर रहे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएं, उनके काम का बोझ कम करें और आवश्यक हो तो उन्हें अवकाश भी दें। इससे इन्कार नहीं कि एसआईआर का काम अपेक्षाकृत श्रमसाध्य है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि इस कारण उसे कराया ही न जाए। ऐसे तो कल को कोई यह भी कह सकता है कि जनगणना एक जटिल काम है और उसे न कराया जाए तो अच्छा। यदि कोई काम तनिक कठिन या समय खपाऊ है तो वह अनावश्यक नहीं हो जाता। जो विपक्षी दल एसआईआर के विरोध में खड़े हैं, उन्हें बताना चाहिए कि क्या उनके बीएलए बीएलओ की मदद कर रहे हैं? तथ्य यह है कि अनेक दल इसकी परवाह नहीं कर रहे हैं कि उनके कार्यकर्ता बीएलओ का काम आसान करें। उचित यह होगा कि आम लोग बीएलओ का सहयोग करें।

## डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने पुलिस भर्ती तैयारियों की समीक्षा की

### भर्ती दौरान अभ्यर्थियों को उचित ब्रीफिंग और चिकित्सा सुविधाओं के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** राजस्थान पुलिस की भर्ती प्रक्रिया को लेकर पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया से जुड़े सभी जिलों के अधिकारियों से की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी, सुरक्षित और व्यवस्थित होनी चाहिए। डीजीपी शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को भर्ती से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं की पहले से ही उचित ब्रीफिंग दी जाए, ताकि किसी तरह की भ्रम की स्थिति न बने। उन्होंने कहा कि भर्ती के दौरान मेडिकल टीम की आवश्यक उपकरणों व दवाईयों के साथ मौके पर मौजूदगी सुनिश्चित की जाए, जिससे भर्ती के दौरान किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति का तत्काल उपचार हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि महिला उम्मीदवारों की सुविधा के लिए महिला चिकित्सक भी अनिवार्य रूप से मौजूद रहें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि व्यवस्था ऐसी हो जिससे अभ्यर्थियों को सहज और सुरक्षित माहौल मिले ताकि भर्ती प्रक्रिया की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनी रहे। पुलिस मुख्यालय के वीसी हॉल में आयोजित इस वीसी में एडीजी (भर्ती) विपिन पांडे, एडीजी रुपिंदर सिंह, आईजी एस परिमला, आईजी प्रफुल्ल कुमार, एसपी आसूचना सतवीर सिंह, एसपी शांतनु कुमार सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे वहीं जिलों के अधिकारी ऑनलाइन जुड़े रहे।

## सीआईडी आईबी कॉन्स्टेबल भर्ती- 395 उम्मीदवारों के लिए बड़ी खबर

### जयपुर में 11 दिसंबर को होगा शारीरिक दक्षता परीक्षण, ई-प्रवेश पत्र जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** (कास.)अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड ने कॉन्स्टेबल भर्ती 2025 के तहत सीआईडी आईबी में 79 रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। इस भर्ती प्रक्रिया में अगले चरण के लिए कुल 395 अभ्यर्थियों को पात्र पाया गया है, जिनकी सूची विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक आसूचना एवं सदस्य सचिव सतवीर सिंह ने जानकारी दी कि इन सभी पात्र 395 अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापतौल की तारीख तय कर दी गई है। यह आयोजन 11 दिसंबर, 2025 को प्रातः 06.00 बजे से प्रताप यादव स्टेडियम चित्रकूट वैशाली नगर जयपुर में आयोजित किया जाएगा। उम्मीदवारों को निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होना अनिवार्य है। ई-प्रवेश पत्र: डाउनलोड करें और निर्देशों का पालन करें शारीरिक दक्षता एवं मापतौल हेतु पात्र अभ्यर्थियों के ई-प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in तथा https//recruitmen-tw.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे तुरंत अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करें और उसमें अंकित 'अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश' का पूर्णतः पालन करें। बोर्ड ने स्पष्ट कर दिया है कि यह चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। निर्धारित तिथि, स्थान और समय पर उपस्थित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को कोई अतिरिक्त समय या अवसर देय नहीं होगा। इसलिए सभी पात्र उम्मीदवारों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे किसी भी चूक से बचने के लिए समय से पहले अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## वतन सेवा की शपथ के साथ आरपीए से निकलेगी राजस्थान की नई महिला शक्ति

### आरपीए में महिला आरक्षी बैच 98 और 99 की दीक्षांत परेड, डीजीपी होंगे मुख्य अतिथि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर**(कास.) राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में प्रशिक्षणरत महिला आरक्षी बैच संख्या 98 और बैच संख्या 99 के दीक्षांत परेड समारोह की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह भव्य समारोह सोमवार 08 दिसम्बर को अकादमी परेड ग्राउण्ड पर प्रातः 08:30 बजे आयोजित किया जाएगा। इस दीक्षांत परेड समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव कुमार शर्मा होंगे। यह समारोह इन महिला आरक्षियों के कठोर प्रशिक्षण की समाप्ति और राष्ट्र सेवा के लिए उनके आधिकारिक प्रवेश का प्रतीक है, जहाँ वे राष्ट्रीय ध्वज और संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेंगी। समारोह की शुरुआत प्रातः 08:30 बजे मुख्य अतिथि डीजीपी शर्मा के आगमन और स्वागत के साथ होगी। इसके बाद प्रातः 08:30 से 08:36 बजे तक मुख्य अतिथि द्वारा अभिवादन और परेड का निरीक्षण किया जाएगा। परेड में सबसे महत्वपूर्ण क्षण तब आएगा जब प्रातः 08:36 से 08:40 बजे के बीच राष्ट्रीय ध्वज व पुलिस कलर पार्टी का ग्राउण्ड पर आगमन और परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शपथ ग्रहण प्रातः 08:40 से 08:47 बजे के बीच होगा। प्रातः 09:00 से 09:12 बजे तक विशिष्ट प्रशिक्षणार्थियों को पारितोषिक वितरित किए जाएंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि महोदय द्वारा उद्बोधन होगा, जिसके बाद पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण एवं यातायात अनिल पालीवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया जाएगा। परेड का औपचारिक समापन परेड निष्क्रमण के साथ प्रातः 09:33 से 09:38 बजे तक होगा। यह दीक्षांत परेड महिला पुलिसकर्मियों के समर्पण और सेवाभाव को एक नई पहचान देगी।

## विभिन्न विद्यालयों की बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानकों की जांच की

### 05 बाल वाहिनियों के चालान एवं 02 बाल वाहिनियों को किया सीज

**कोटपूतली**(निस.) राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला कोटपूतली-बहरोड़ में बच्चों के सुरक्षित एवं सम्मानजनक परिवहन के संबंध में संचालित विभिन्न विद्यालयों की बाल वाहिनियों की सुरक्षा मानकों की गहन जांच हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल, इम्मानुएल स्कूल व अन्य विद्यालयों के करीब 20-25 बाल वाहिनियों का शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जडेल, जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद मीणा, जिला परिवहन अधिकारी सुनील कुमार सैनी व निरीक्षक नरेश कुमार स्वामी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बाल वाहिनियों के परमिट, फर्स्ट एड बॉक्स, फिटनेस प्रमाण पत्र, अग्निशमन यंत्र की जांच की गई। जिसमें 05 बाल वाहिनियों के चालान बनाये गये एवं 02 बाल वाहिनियों को सीज किया गया। इस दौरान बाल वाहिनियों में फर्स्ट एड बॉक्स नहीं थे, उन्हें लगवाये जाने, चालक व परिचालक को निर्धारित वर्दी पहनने एवं समस्त प्रकार के दस्तावेजों की पूर्ति करने एवं साथ रखने हेतु आदेशित किया गया। बाल वाहिनियों में बालकों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डिम्पल जडेल ने वार्तालाप कर वाहन चालक द्वारा सड़क नियमों की पालना किये जाने के निर्देश दिये।

# 'आक' बनेगा कमाई का जरिया, जैकेट, दस्ताने और कपड़ों समेत दर्जनों उत्पाद बन रहे : रूमा देवी

### राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देगी रूमा देवी

जयपुर टाइम्स

**रावतसर** राजस्थान की मरुधरा में उगने वाले 'आक' के पौधे अब केवल रेगिस्तानी वनस्पति नहीं रहे, बल्कि ग्रामीण रोजगार और सस्टेनेबल फैशन की नई क्रांति का आधार बन रहे हैं। वस्त्र मंत्रालय के उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संघ द्वारा आक के पौधे जिन्हें एक खरपतवार की तरह देखा जाता आ रहा है, उसके रेशों से सर्दीयों के कपडे, दस्ताने व जुराब समेत बर्फिले ईलाकों के लिए टेन्ट भी बनाए जा रहे हैं। नवंबर 2025 में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह के निट्रा में आक की फसलों का निरक्षण करने के बाद इस परियोजना को तेजी मिली, इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए वस्त्र



मंत्रालय से संबद्ध उत्तर भारत वस्त्र अनुसंधान संस्थान निट्रा के महानिदेशक एम एस परमार तथा रूमा देवी फाउंडेशन की निदेशक विश्व प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर व समाज सेविका डॉ. रूमा देवी ने गाजियाबाद स्थित वस्त्र अनुसंधान केंद्र में एक एम ओ यु पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में बहुतायत में पाए जाने वाले 'आक' के फल 'आक-पाडिया' से उच्च गुणवत्ता वाला रेशा तैयार कर आक की खेती पर अनुसंधान व तकनीकी विकास के साथ साथ देश विदेश में आक से बने उत्पादों को प्रचलित करना है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र का सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके। अब तक बेकार समझे जाने वाले आक के फल से निकलने वाला रेशा ऊन से भी ज्यादा गर्म और रेशम जैसा मुलायम होता है। आक के तने से भी रेशा निकला जाता है व फल की खाल भी काफ़ी उपयोगी होती है, साथ ही आक में काफ़ी औषधीय गुण भी होते है। आक के बीज से तेल निकाला जाता है, जिसका इस्तेमाल फेसियल क्रीम बनाने में किया जाता है। आक का पौधा कम पानी व विपरीत परिस्थितियों में भी जीवित रहता है व एक एकड़ में 200 से 300 किलो तक फसल का उत्पादन किया जा सकता है. आक से बने रेशो की माँग इसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है। वस्त्र मंत्रालय की सहायता से निट्रा के महानिदेशक एम एस परमार अपनी आधुनिक प्रयोगशालाओं में इस रेशे की गुणवत्ता, मजबूती और इससे कपड़े बनाने की तकनीकी प्रक्रिया पर काम कर रहे है। फाउंडेशन की निदेशक डॉ रुमा देवी ने बताया कि आक के पौधे के औषधीय व धार्मिक महत्व के पश्चात अब आक के पौधे की इतनी व्यवसायिक उपयोगिता देख कर बहुत खुशी हुई, चूंकि आक के पौधे क्षेत्र में बहुतायत में उपलब्ध हैं, आक की खेती किसानों के लिए रोजगार का बहुत अच्छा साधन बनेगी। आक के रेशे से जैकेट, दस्ताने, कंबल और कपड़ों समेत दर्जनों उत्पाद बन रहे हैं। अब इसे विश्व व्यापी पहचान दिलाई जाएगी। यह पहल न केवल 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा देगी बल्कि क्रूरता-मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल फैशन को वैश्विक मंच पर प्रचलित करेगी करेगी। पिछली गर्मीयो में वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह की पहल पर रूमादेवीफाउंडेशन ने बाड़मेर जोधपुर जैसलमेर बिकानेर व नागौर से 2000 किलो आक पाडीए एकत्रित करने का बीड़ा उठाया। इस पहल से किसान परिवारो को बिना लागत के खेतो में अपने आप उगे आक से पोड इकट्ठे कर घर से ही रोजगार मिलने लग गया। प्रारंभिक चरण की सफलता के बाद अब इसकी जागरूकता बढ़ाने पर काम किया जाएगा। रूमा देवी ने बताया कि होली के आसपास आक पर रेशा पककर तैयार होने लगता है। इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रारंभ किए जाएगें। एम ओ यू हस्ताक्षर समारोह में डॉ. एमएस परमार महानिदेशक, निट्रा, डॉ रूमा देवी, निदेशक रूमा देवी फाउंडेशन के साथ रूमा देवी फाउंडेशन की और से विक्रम सिंह, प्रवक्ता हर्षिता सिंह व निट्रा की और से डॉ प्रीति व टीम उपस्थित रही।

## चोरी की वारदात का खुलासा कराने की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**कोटपूतली**(निस.) निकटवर्ती ग्राम रघुनाथ पुरा में विगत 18 नवम्बर को हुई चोरी की वारदात का खुलासा कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिष्नोई को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की। ज्ञापन में बताया कि प्रार्थी नीरज कुमार पत्र घनश्याम शर्मा निवासी रघुनाथपुरा के घर में विगत 18 नवम्बर की रात्रि करीब 12:10 बजे काली गाड़ी में सवार हथियार बंद 05 चोरों ने घुसकर कमरे में रखी 03 अलमारियों से नकदी व गहने आदि चोरी करके फरार हो गये। सुबह करीब 06 बजे प्रार्थी की छोटे भाई की पत्नी उठी तो कमरे का ताला टुटा हुआ मिला तो उसने शोर मचाया तो घर के अन्य सदस्य व प्रार्थी जगकर आये और कमरे में रखी अलमारियों के ताले टुटे मिले व अलमारियों में रखी नकदी व आभुषण गायब मिला। चोरों द्वारा एक अलमारी में से 80 हजार रूपये की नकदी, सोने की चैन, सोने के कान के कुंडल, 02 सोने की अगूंठी, 04 जोड़ी चांदी की पायजेब, सोने की 05 लौंग, 10 चांदी के सिक्के, 01 चांदी का नारियल, 05 जोड़ी चांदी की चुटकी, 01 चांदी की पातड़ी, चांदी का 01 जोड़ी कड़ा एवं दूसरी अलमारी से 03 लाख की नकदी, आधी किलो चांदी की तागड़ी, 03 सोने की अगूंठी, 02 जोड़ी सोने की झूमकी, 02 जोड़ी कान के कुण्डल, 03 सोने के मंगलसूत्र, 10 जोड़ी चांदी के पायजेब, 20 जोड़ी चांदी की चूटकी, 20 चांदी के सिक्के, 10 चांदी की कटोरी, 01 चांदी का नारियल, 01 सोने की नथ, 01 चांदी की पातड़ी, 01 जोड़ी कड़ा झावरा चांदी के, 01 चांदी की चैन, 01 सोने की चैन, 04 चांदी की अंगूठी, चांदी की लक्ष्मी गणेश जी मूर्ति, छोटी अलमारी में 01 सोने के कान के कुण्डल, 01 सोने की अंगूठी, 01 सोने की नथ, 01 सोने के मंगलसूत्र, 04 जोड़ी चांदी की पायजेब, 07 जोड़ी चांदी की चूटकी, 02 जोड़ी चांदी की पायजेब, 02 चांदी की चैन, स्याउमाता, चौथ माता, 01 पातड़ी चांदी की, 06 चांदी की अंगूठी, 01 चांदी की गले की लोकेट, 10 हजार रूपये बच्चों के गुल्लक में से आदि नकदी व सामान पार कर ले गये। वहीं बगल के मकान नरेन्द्र पुत्र जगदीश मीणा के भी चोरी हुई है। घटना के बाद आसपास के लोग एकत्रित हुये एवं पुलिस थाना सरूण्ड में सूचना दी गई। जिस पर करीब 02 घन्टे बाद पुलिस पहुंची और खानापूर्ति करके चली गई। घटना राजकीय माध्यमिक विधालय रघुनाथपुरा के सी.सी.टी.वी. कैमरे में भी कैद है। जिसकी फुटेज प्रार्थी द्वारा पुलिस थाना सरूण्ड़ को उपलब्ध करवा दी गई हैं। लेकिन 17 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा चोरों का पता नहीं लगाया जा सका है। लोगों ने कहा कि यदि 07 दिवस में चोरी का खुलासा नहीं होता है तो ग्रामीणों द्वारा कार्यालय के बाहर धरना दिया जायेगा। इस दौरान कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, पाथरेड़ी सरपंच रामस्वरूप कसाना, रोहिताष यादव नेताजी, एड. दिनेश कुमार अग्रवाल, पूर्व अभिभाषक अध्यक्ष एड. प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व पंच राजेंद्र सिंह, नीरज शर्मा, राकेश खोला, जयपाल मीणा, एड. नवीन कुमार मीणा, अनिल कुमार शर्मा, राजू सिंह, उमराव प्रसाद सैन, फूलचंद सैन, प्रताप सनवाल, रितेश मंगल समेत अन्य मौजूद रहे।

## घातक हथियारों से जानलेवा हमले का इनामी मुख्य आरोपी सात साल बाद सलाखों के पीछे

### स्टेट क्राइम ब्रांच की कार्रवाई : आरोपी राहुल गुर्जर डीग बस स्टैंड से गिरफ्तार, 10 हजार रुपये का है इनामी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर**(कास.) स्टेट क्राइम ब्रांच पुलिस मुख्यालय की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब सात साल से फरार चल रहे एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल गुर्जर पुत्र देवीराम गुर्जर निवासी कामां जिला डीग घातक हथियारों से जानलेवा हमला करने के एक गंभीर मामले में वांछित था। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10000 का इनाम घोषित है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मलिक के निकट सुपरविजन और उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई। टीम को सूचना मिली कि आरोपी राहुल गुर्जर, जो डीग के अडावली गाँव में फरारी काट रहा था, वह उत्तर प्रदेश के कोसी छाता क्षेत्र में आयोजित हो रहे गुर्जरों के मेले में शरीक होने के लिए बस से जा रहा है। एसआई शैलेंद्र कुमार और एएसआई दुष्यंत सिंह की इस सूचना पर टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कामां बस स्टैंड पर घेराबंदी की और आरोपी को डिटेन कर लिया। जिसे बाद में अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना कामां पुलिस को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपी राहुल गुर्जर 13 मार्च, 2019 को घटित अपराध में फरार चल रहा था। प्रार्थी रवि ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि जब वह अपनी पत्नी अमीषा को 12वीं कक्षा का पेपर दिलाने कामां ले जा रहा था, तब राहुल और रामवीर ने उसकी पत्नी के साथ गंदे अपशब्दों का प्रयोग कर छेड़छाड़ की। दोपहर में लौटते समय विमलकुण्ड के पास इन दोनों और तीन अन्य बदमाशों ने जबरन उनकी मोटरसाइकिल रोक ली। रामवीर ने अमीषा का हाथ पकड़कर खींच लिया और दोनों ने मिलकर बुरा काम करने की कोशिश की। जब परिजन उन्हें छुड़ाने आए, तो सभी आरोपियों ने अपने परिवार के कई अन्य सदस्यों को बुला लिया। आरोपियों के समूह ने अवैध घातक हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया। मुख्य आरोपी देवीराम ने जान से मारने की नीयत से कटटे से फायर किया, जिसमें प्रार्थी का भाई बाल-बाल बचा। इस हमले में प्रार्थी के कई परिजनों को गम्भीर चोटें आईं। रिपोर्ट दर्ज कराने जाते समय सरकारी अस्पताल के सामने आरोपियों ने दोबारा घेर कर प्रार्थी के चाचा चनवा के सिर पर फरसे से वार किए, जिससे वे लहूलुहान हो गए। साथ ही, आरोपी मोटरसाइकिल, एक मोबाइल और लगभग 10-12 हजार रुपये लूटकर ले गए थे। इस लंबी फरारी के बाद आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस टीम की सक्रियता और तकनीक आधारित निगरानी का परिणाम है। उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में उप निरीक्षक शैलेंद्र कुमार और एएसआई दुष्यंत सिंह की विशेष भूमिका ओर हेड कांस्टेबल शाहिद अली व कांस्टेबल बृजेश कुमार के साथ थाना कामां प्रभारी भरत सिंह, कांस्टेबल अमित एवं अजय का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## जिला अभिभाषक संघ वार्षिक चुनाव का कार्यक्रम घोषित

### 12 दिसम्बर को होगा मतदान, 527 अधिवक्ता करेगें मताधिकार का इस्तेमाल

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली**(निस.) जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली की कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव वर्ष 2025-26 हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी एड. जितेन्द्र रावत द्वारा शुक्रवार को अधिसूचना जारी करते हुये चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया। संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर चुनाव होगा। इसके लिये 05 व 06 दिसम्बर को दोपहर 12 से 03 बजे तक नामांकन किया जा सकता हैं। नामांकन पत्रों की जांच 06 दिसम्बर को अपरान्ह 03 से 03.30 बजे तक होगी। इसके बाद 06 दिसम्बर को ही अपरान्ह 03.30 से 04.30 बजे तक नामांकन वापस लिये जा सकते हैं। उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाषन 06 दिसम्बर की शाम 05 बजे होगा। वहीं 12 दिसम्बर को प्रातः 10 से सायं 04 बजे तक अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेगें। जिसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जायेगा। इस वर्ष कुल 527 अधिवक्ता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेगें। अध्यक्ष पद हेतु 10 वर्ष का अनुभव व 04 हजार रूपये अमानत राषि, उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद हेतु 07 वर्ष का अनुभव व 03 हजार रूपये अमानत राषि तय की गई हैं। प्रथम दिन अध्यक्ष पद पर 04 नामांकन :- मुख्य निर्वाचन अधिकारी रावत ने बताया कि नामांकन के प्रथम दिन 05 दिसम्बर शुक्रवार को राजेन्द्र चौधरी, सुशील यादव, भोजराज यादव व सतीश हाडिया, उपाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार आर्य, नीरज कुमार नैनावत व आशीष जोशी, सचिव पद पर मुकेश कुमार यादव व पवन कुमार शर्मा एवं कोषाध्यक्ष पद पर राजेष कुमार गुर्जर द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। वहीं दुसरी ओर जिला अभिभाषक संघ द्वारा शुक्रवार को ऑनलाईन रजिस्ट्री के विरोध में न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया गया। संघ के अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विगत 21 फरवरी को जारी अधिसूचना में रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 की धारा 22 को प्रतिस्थापित करते हुये ऑनलाईन रजिस्ट्री की अनुमति प्रदान की गई हैं। जिसके विरोध में न्यायिक कार्यो का बहिष्कार किया गया।

## आरोग्यं श्रेष्ठं धनम् उद्देश्य को साकार करने के लिए संगोष्ठि आयोजित

### गैर संचारी रोगों से बचाव और उपचार की बालिकाओं को दी जानकारी

जयपुर टाइम्स



**सूरतगढ**(निस.)। उप जिला चिकित्सालय सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक द्वारा आरोग्यं श्रेष्ठं धनम् उद्देश्य पर चलाए जा रहे एनसीडी जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 05 दिसम्बर 2025 को माता जीतो जी कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठि का आयोजन किया गया। नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी एवं काउंसलर दीपक शर्मा और फिजियोथैरेपिस्ट देवेन्द्र शरण धाकड़ मौजूद रहे। नर्सिंग अधिकारी लक्ष्मी कुमारी ने अपने व्याख्यान में संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं सुदृढ़ जीवन के पौष्टिक आहार लेना अति आवश्यक है अगर हम अपने खान पान में बदलाव कर ले तो अनेक बिमारियों से बच सकते है। साथ ही उन्होनें कहा कि जागरूकता के अभाव में कैंसर जैसी बिमारियां बढ़ रही है। महिलाओं मे स्तन और सरवाईकल कैंसर की स्क्रिनिंग के लिए उप जिला चिकित्सालय के कमरा नं. 2 में निःशुल्क व्यवस्था की हुई है। इस मौके पर काउन्सलर दीपक शर्मा ने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में तनाव कम से कम रखना चाहिए ताकि गैर संचारी रोगों से अपने आप को बचाया जा सके। इसके अलावा प्रतिदिन 30 मिनट अपने शरीर के लिए अवश्य निकाले जिसमें आप व्यायाम योगा या अन्य शारीरिक गतिविधियां करें ताकि शरीर लम्बे समय तक स्वस्थ रहे। संगोष्ठि में प्राचार्य डॉ. श्रीमती मोहिनी दहिया ने कहा कि एनसीडी क्लिनिक द्वारा चलाया गया अभियान आमजन में जागरूकता का संचार करेंगा और उन्हें बिमारियों के प्रति जागरूकता पैदा होगी। इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए ताकि बच्चों के साथ-साथ आमजन को भी बिमारियों से बचाव की जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ से डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. देवेन्द्र कौर, रीना नादर, मंजू भाटी, पूजा आहूजा सहित महाविद्यालय की बालिकाएं मौजूद रही।

## *अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार ने आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण*

***कोटपूतली,*** *भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार नीतीष्वर कुमार ने शुक्रवार को जिले की सांगटेड़ा 02 आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों द्वारा लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं, पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, बच्चों की वृद्धि निगरानी आदि का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिषा निर्देश प्रदान किये। इस दौरान आईसीडीएस निदेशालय से उपनिदेशक धर्मवीर मीणा, कोटपूतली-बहरोड़ उपनिदेशक सतपाल यादव, बहरोड़ सीडीपीओ सुधीर कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।*

## राज्यपाल बागडे ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय की समीक्षा बैठक ली

### आयुर्वेद विश्वविद्यालय राष्ट्र निर्माण का केंद्र बने–पारदर्शी परीक्षा, उच्च स्तरीय शोध और विद्यार्थियों का बौद्धिक-सांस्कृतिक विकास ही उत्कृष्टताः राज्यपाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/जोधपुर,** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शैक्षणिक प्रगति, परीक्षा प्रणाली, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, अनुसंधान संस्कृति तथा खेल-सांस्कृतिक गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय को राष्ट्र निर्माण का वैचारिक केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को पूर्णतया पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने, राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अध्ययन-अनुसंधान को बढ़ावा देने तथा प्रति माह प्रतिष्ठित विद्वानों को आमंत्रित कर विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए ज्ञान-सहभागिता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल, कला, नेतृत्व कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को शिक्षा का अनिवार्य घटक बनाने पर बल दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में खेल मैदान, खेल उपकरण, कला एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के उन्नयन तथा आधुनिक खेल सुविधाएँ विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वैश्विक अनुभव के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय अकादमिक कार्यक्रमों एवं शोध गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता दोहराई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व में किये गए 363 खेजड़ी पौधों के सामूहिक वृक्षारोपण के स्थल का पुनः अवलोकन किया और पौधों की संरक्षण व्यवस्था और उनकी वृद्धि की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल कार्यक्रम न होकर उत्तरदायित्व और निरंतर देखभाल है, इसलिए प्रत्येक पौधे को पूर्ण विकसित वृक्ष बनाने के संकल्प के साथ संरक्षण व्यवस्था को मजबूत किया जाए। कुलगुरु प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल ने वर्ष 2025-26 की प्रवेश स्थिति, परीक्षा परिणाम, एनईपी-2020 के कार्यान्वयन, अनुसंधान गतिविधियाँ, वित्त पोषित परियोजनाएँ और एमओयू की स्थिति से अवगत कराया।



## राशि खन्ना के लिए बेहद खास रहा यह जन्मदिन

अपनी हालिया रिलीज फिल्म 120 बहादुर की सफलता से गदगद अभिनेत्री राशि खन्ना का इस बार जन्मदिन भी बेहद खास रहा। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि उन्होंने अपना 35वां जन्मदिन कैसे सेलिब्रेट किया। राशि ने अपना 35वां जन्मदिन बेहद खास अंदाज में मनाया। इस बार उनका बर्थडे शोर-शराबे से दूर, अपनों के बीच प्यार और शांति से भरा रहा। राशि ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जन्मदिन पर प्यार लुटाने वालों का आभार जताया। उन्होंने परिवार और दोस्तों के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए फैंस के साथ ही शुभचिंतकों का दिल से आभार जताया। राशि खन्ना ने लिखा, कुछ जन्मदिन बहुत शोरगुल वाले होते हैं, यह वाला बहुत गर्मजोशी भरा था, प्यार से भरे फैन मीट से लेकर घर पर अपनों के बीच शांत सत्संग तक, यह जन्मदिन सच में बहुत खास था। राशि खन्ना ने आगे बताया कि उन्हें मिले ढेरों शुभकामनाओं की वजह से वह बेहद खुश हैं और इसके लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, बहुत आभारी हूं। उन सभी का धन्यवाद जिन्होंने मुझे विश करने के लिए समय निकाला। ढेर सारा प्यार। तस्वीरों में राशि अपने परिवार और करीबी दोस्तों के साथ हंसते-मुस्कुराते और जन्मदिन का जश्न मनाती नजर आईं। पोस्ट की गई तस्वीरों में से एक में वह पारंपरिक कुर्ती-पायजामा पहने सत्संग के बीच शांत भाव से बैठी दिखीं, तो दूसरी तस्वीरों में केक काटते और अपनों से गले मिलते हुए बेहद खुश नजर आईं। फैंस के साथ हुई मुलाकात की कुछ झलकियां भी उन्होंने पोस्ट की। राशि खन्ना की पोस्ट पर फैंस के साथ ही एक्ट्रेस वाणी कपूर भी कमेंट करती नजर आईं। कमेंट सेक्शन में हार्ट इमोजी डालते हुए उन्होंने राशि के प्रति अपने प्यार का इजहार किया।



# मैं राजनीति के लिए नहीं बनी, बॉलीवुड के पेमेंट गैप पर भी बोलीं

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित क्या राजनीति की दुनिया में एंट्री लेंगी? उन्हें लेकर अक्सर लोग कयास लगाते रहते हैं। हकीकत क्या है? इसे लेकर हाल ही में माधुरी दीक्षित ने खुद स्पष्ट कर दिया है। अभिनेत्री ने न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में राजनीति में आने की अटकलों पर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही बॉलीवुड में पेमेंट गैप पर भी बात की। कहा- पॉलिटिक्स के लिए नहीं बनी माधुरी दीक्षित ने पॉलिटिक्स जॉइन करने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उनका मानना है कि वे पॉलिटिक्स के लिए नहीं बनी हैं। उनके पॉलिटिकल डेब्यू को लेकर अफवाहें पिछले साल तब तेज हुईं, जब रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि एक्ट्रेस 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि ऐसा कभी नहीं हुआ, लेकिन कई इंटरव्यू और पब्लिक अपीयरेंस में उनके बारे में अटकलें चलती रहीं। हाल ही में बातचीत में माधुरी ने राजनीति में उतरने की बात को नकार दिया। साथ ही यह भी बताया कि वे खुद को पॉलिटिक्स में क्यों नहीं देखतीं?

### आर्टिस्ट के रोल में ज्यादा कंफर्टेबल हैं

अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पर्सनैलिटी और ख्वाहिशें चुनावी जिम्मेदारियों के बजाय क्रिएटिव एक्सप्रेशन से ज्यादा जुड़ी हुई हैं। माधुरी दीक्षित ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वे पॉलिटिक्स के लिए सही हैं। उन्होंने बताया कि वे आर्टिस्ट के रोल में ज्यादा कम्फर्टेबल महसूस करती हैं। इसके जरिए वे ज्यादा प्रेरित कर सकती हैं। एक्ट्रेस ने कहा, मुझे नहीं पता। मुझे नहीं लगता कि मैं पॉलिटिक्स के लिए बनी हूं। मैं एक आर्टिस्ट होने और उस मायने में असर डालने के लिए बनी हूं। उन्होंने आगे कहा, मैंने सच में कभी पॉलिटिक्स में आने का सपना नहीं देखा है या मैं खुद को वहां नहीं देखती।

### बॉलीवुड में पेमेंट गैप पर कहा

इसके अलावा अभिनेत्री ने बॉलीवुड मे पे-गैप पर भी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह चुनौती सिर्फ फिल्मों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सभी प्रोफेशन में आम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सही सैलरी के लिए लड़ाई जारी है और सभी फील्ड में एक जैसी सैलरी के लिए संघर्ष एक बड़ी चिंता का विषय बना हुआ है। शाहरुख खान, सलमान खान, आमिर खान, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे बड़े बॉलीवुड स्टार्स के साथ स्क्रीन शेयर कर चुकीं माधुरी दीक्षित को क्या अपने करियर के शीर्ष पर कभी एक जैसी सैलरी के लिए खुद को मजबूत करने की जरूरत पड़ी थी? इस पर उन्होंने कहा कि यह अंतर महिलाओं के लिए हर जगह रहा है, चाहे वे किसी भी सेक्टर में काम करती हों। वर्क फ्रंट की बात करें तो माधुरी अपने अगले प्रोजेक्ट, थ्रिलर-ड्रामा सीरीज मिसेज देशपांडे को लेकर सुर्खियों में हैं। सीरीज का प्रीमियर 19 दिसंबर, 2025 को जियोहॉटस्टार पर होगा।



# बिग बॉस 19 से बाहर आने के बाद अशनूर ने खुलकर रखी अपने दिल की बात

**रियलिटी शो बिग बॉस 19 से टीवी एक्टर अशनूर कौर को शो से बाहर कर दिया गया। इस एविक्शन ने न सिर्फ फैंस को चौंकाया, बल्कि सोशल मीडिया पर भी बहस छेड़ दी। शो से बाहर आने के बाद अब पहली बार अशनूर ने अपने दिल की बात खुलकर रखी है।**

एविक्शन के बाद अशनूर ने अपने फैंस से इंस्टाग्राम लाइव के जरिए बात की। हफ्तों तक घर की दीवारों के भीतर रहने के बाद उनकी आवाज में राहत भी थी और थोड़ा दर्द भी। उन्होंने बताया कि शो से बाहर निकलने का फैसला उनके लिए भी उतना ही अचानक था जितना दर्शकों के लिए। अशनूर ने कहा कि बाहर आते ही उन्हें फैंस का जो प्यार देखने को मिला, उसने उन्हें संभाल लिया। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि फिनाले से एक हफ्ते पहले बाहर होना दुख देता है, लेकिन वह इसे अपनी किस्मत मानकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि घर में रहते हुए वो फैंस को काफी मिस करती थीं, इसलिए सबसे पहले लाइव आकर उन्होंने यह भरोसा दिलाया कि वह अब ठीक हैं। बिग बॉस हाउस से उनकी विदाई एक टास्क के दौरान हुई घटना के बाद हुई थी, जहां उन पर तान्या मित्तल को लकड़ी के पट्टे से चोट पहुंचाने का आरोप लगा। शो के होस्ट सलमान खान ने इसे नियमों का उल्लंघन बताया। भले ही अशनूर ने इसे अनजाने में हुई गलती बताया, लेकिन दर्शकों और शो की टीम ने इसे फिजिकल वायलेंस की श्रेणी में रखा। उनके बाहर होते ही सोशल मीडिया पर अनफेयर एविक्शन ट्रेंड करने लगा। कई दर्शकों ने इसे अनुचित बताते हुए कहा कि शो में इससे पहले भी कई बार शारीरिक टकराव हुए हैं, लेकिन हर बार ऐसी सख्त कार्रवाई नहीं की गई। अशनूर ने भी इस मुद्दे पर फैंस के सवाल का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि जो हो चुका है, उसे बदला नहीं जा सकता। हालांकि फिनाले तक जाने का सपना उनका भी था, लेकिन वह इस फैसले को स्वीकार करती हैं। लाइव चैट में जब एक फैन ने पूछा कि क्या वो बिग बॉस 19 के फिनाले में नजर आएंगी, तो उन्होंने हामी भरते हुए फैंस को खुश कर दिया है। शो का ग्रैंड फिनाले 7 दिसंबर को होना है, जहां वो बतौर पूर्व कंटेस्टेंट शामिल होंगी।

# किरदार भी बदल सकता है जिंदगी

## शेफाली शाह को मिला रिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड



अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने करियर में ऐसी कई फिल्मों में काम किया, जो दर्शकों के दिलों में घर कर गईं, फिर चाहे उनकी फिल्म जूस, जलसा, या फिर थ्री ऑफ अस हो। इन्हीं में से उनकी फिल्म मॉनसून वेडिंग, जिसमें रिया के किरदार ने तमाम महिलाओं की जिंदगी को बदल दिया था। दरअसल, इस फिल्म में अभिनेत्री शेफाली शाह ने रिया वर्मा का किरदार निभाया था, जो बचपन में यौन शोषण का शिकार हुई थी। फिल्म को याद करते हुए अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने लिखा, फिल्म मॉनसून वेडिंग की शूटिंग के समय सारे कलाकार और क्रू एक बड़े परिवार की तरह थे। हम लोग सुबह साथ मेंयोगा और नाश्ता करते थे और बाद में नसीरुद्दीन शाह के साथ एक्टिंग वर्कशॉप होती थी। दोपहर में डायरेक्टर मीरा नायर अलग-अलग सीन पर काम करवाती थीं। मीरा नायर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को इटली के वेनिस फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन लॉयन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। मीरा नायर ये सम्मान पाने वाली सत्यजीत रे के बाद दूसरी भारतीय बनी थीं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री ने लिखा कि जब वे इस फिल्म की शूटिंग कर रही थीं, तो उन्हें नहीं पता था कि यह फिल्म वेनिस फिल्म फेस्टिवल में गोल्डन लॉयन अवॉर्ड जीतेगी और उनका किरदार 'रिया' लाखों लोगों की आवाज बनेगी। अभिनेत्री शेफाली ने बताया, रिया एक ऐसी लड़की थी, जिसने अपने साथ हुए गलत के लिए खुद को दोषी नहीं माना, बल्कि, वह शर्म और अपराध को त्यागकर गुनहगार को जवाबदेह ठहराती है। यही बात कई चुप्पी साधे बैठी महिलाओं को हिम्मत दे गई। अभिनेत्री ने लिखा, मुझे नहीं पता कितनी महिलाओं को रिया से हिम्मत मिली, पर मैं जानती हूं कि यह किरदार उन तमाम महिलाओं की कहानियों को दर्शाता है जिन्हें मैं जानती थी या नहीं। शेफाली ने दिल्ली का एक किस्सा शेयर करते हुए बताया, दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात एक बुजुर्ग दंपती से हुई थी। वहां पर पति ने मेरी तारीफ की और पत्नी चुपचाप उनका हाथ पकड़े खड़ी थी। जाने से पहले पति ने मुझसे कहा, इन्होंने भी वही दर्द झेला है जो रिया ने झेला था। आपकी वजह से इन्हें सालों बाद अपनी बात कहने की हिम्मत मिली। शेफाली लिखती हैं, मैं अक्सर सोचा करती थी कि मैं न तो डॉक्टर, वकील और न ही वैज्ञानिक हूं। मैं ऐसा क्या कर रही हूं जो समाज में नया बदलाव लेकर आए, लेकिन उस दिन मुझे पता चला कि एक किरदार भी आम इंसान की जिंदगी बदल सकता है।

# परिवार को समय देने के सवाल पर बोले मनोज बाजपेयी



**द फैमिली मैन के तीसरे पार्ट में इन दिनों नजर आ रहे अभिनेता मनोज बाजपेयी ने हाल ही में कई पहलुओं पर बात की है। खास बातचीत में मनोज ने किरदार, ओटीटी के दौर, परिवार और इंडस्ट्री की चुनौतियों पर खुलकर बात की।**

### इतने साल बाद जयदीप अहलावत के साथ स्क्रीन शेयर करने का अनुभव बताएं

उसके साथ मैंने पहली बार जिस फिल्म में काम किया था, वो थी चिट्टागोंग। उस फिल्म में सिर्फ वही नहीं बल्कि कई और लोग भी थे जो मेरे एफटीआईआई के बैचमेट थे – राजकुमार राव, विजय वर्माज्ये सब। वहीं से मैंने जयदीप को जाना। दरअसल, उस समय जब अनुराग से मेरी बात होती थी, तो उसकी एक आदत मैंने नोटिस की थी। जब भी हम बात करते और अगर वो कोई नई फिल्म बना रहा होता, तो मुझसे हमेशा एक रेकमेंडेशन मांगता था। अगर उसे किसी तरह का एक्टर चाहिए होता है, तो पूछ लेता है कि कौन इस रोल के लिए ठीक रहेगा। तो उस दिन भी बात हो रही थी और मैंने जयदीप का नाम सुझाया था। राजकुमार और विजय के बारे में उसे पहले से पता था। उस समय से मैं इन लोगों को जानता हूं। इनके शुरुआती दौर से जानता हूं। इसलिए एक जान-पहचान भी है और ये लोग मुझे इज्जत भी बहुत देते हैं। एक अच्छा संबंध है- एक्टर वाला संबंध। सीनियर और जूनियर दोनों तरह का रिश्ता है।

### जब सेट पर आप और जयदीप साथ होते थे, तो माहौल कैसा रहता था?

सेट पर माहौल काफी अच्छा रहता था। ऑफ कैमरा भी हल्की-फुल्की बातें होती थीं। सच कहूं तो मैं ज्यादातर जब बात करता हूं, तो खाने की ही बात करता हूंज नहीं तो मैं अपने काम में डूबा रहता हूं। जब अगला शॉट होना होता, तो मेरा फोकस पूरी तरह उसी पर होता था और बीच-बीच में थोड़ी हंसी-मजाक भी हो जाती थी। मैं खुद मटन बनाता हूं, तो सेट पर भी कभी-कभी मटन बना लेता था। लेकिन जयदीप को मटन से ज्यादा चिकन पसंद है। तो हम दोनों के बीच ऐसी ही बातचीत होती थी जैसी साथी कलाकारों के बीच सामान्य रूप से होती है।

### कभी काम से पहले परिवार को चुनना पड़ा?

परिवार और मेरा काम कभी एक-दूसरे के आड़े नहीं आते। इसका पूरा श्रेय मेरी पत्नी को जाता है। अगर वह कुछ चाहती हैं और मैं खाली होता हूं, तो मैं समय देने की पूरी कोशिश करता हूं। सच यह है कि वर्क और फैमिली का बैलेंस हर आदमी के लिए एक चुनौती है। सबसे आसान स्थिति उन लोगों की होती है जो सुबह ऑफिस जाते हैं और शाम को लौट आते हैं। वो काम भी कर लेते हैं और परिवार के साथ समय भी बिता पाते हैं। लेकिन फ्रीलांस जॉब में यह बहुत मुश्किल हो जाता है। यह उसी तरह का काम होता है जैसे इंटेलिजेंस के लोग करते हैं – जिनकी जरूरत हमेशा रहती है और जिनका काम 24 घंटे का होता है। यही वजह है कि श्रीकांत (किरदार का नाम) के लिए चीजें कठिन होती हैं और एक्टर्स के लिए भी। जब काम होता है तो अचानक बहुत काम होता है और जब छुट्टी होती है तो पूरी छुट्टी होती है। जो लोग ऑफिस में काम करते हैं, उनके लिए यह शायद थोड़ा आसान होता है, क्योंकि उन्हें पता होता है कि शाम को घर लौटना है। वहीं, हम कई-कई दिनों तक घर नहीं जा पाते और बाहर रहते हैं। ऐसे में अगर फैमिली समझदार और अंडरस्टैंडिंग न हो, तो घर संभालना मुश्किल हो जाता है। इसलिए मैं सारा श्रेय अपनी पत्नी को देता हूं।

### क्या कभी ऐसा हुआ कि आपकी पत्नी ने आपके काम को लेकर कहा हो कि समय नहीं मिल रहा?

बैलेंस की बात करें तो शुरुआती दिनों में सचमुच मुश्किल थी। लेकिन क्योंकि निशा खुद भी एक्ट्रेस हैं, इसलिए वो इस प्रोफेशन की चुनौतियों को समझती हैं। उनकी समझ की वजह से बहुत सी बातें आसानी से संभल जाती हैं। मैं जब उनके साथ होता हूं, तो पूरी तरह उनके साथ रहता हूं। अभी दिसंबर में हम एक लंबी छुट्टी पर जाने वाले हैं। परिवार में बीच-बीच में हल्की तकरार तो होती ही है, और यह बिल्कुल नैचुरल है। अगर कभी कोई खटपट न हो, तो रिश्ते उबाऊ भी लग सकते हैं। जो लोग सुबह ऑफिस जाते हैं और शाम को लौट आते हैं, उनके घरों में भी ऐसा होता है। यह हर परिवार का हिस्सा है और इसी से रिश्ते जीवंत बने रहते हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी साधु सीताराम दास को अर्पित किए श्रद्धा सुमन




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** बिजौलियां किसान आंदोलन के प्रणेता साधु सीताराम दास बैरागी की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय साधु सीताराम दास सेवा समिति द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।उपस्थित जनों ने साधु सीताराम दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समिति अध्यक्ष उमाशंकर वैष्णव ने बताया कि बिजौलियां के साथ ही त्रिवेणी और भीलवाड़ा में भी वैष्णव समाज द्वारा पुण्यतिथि मनाई गई।तहसीलदार ललित डीडवानिया, थानाधिकारी स्वागत पांडे , डॉ.दुर्गा शंकर मेहर, अभिषेक सर्वा,संजय सिंह चौहान, अंकित तिवारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## उमा शर्मा अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ ग्राम साथिन प्रकोष्ठ धौलपुर की अध्यक्ष नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ के संस्थापक संरक्षक छोटीलाल बुनकर व प्रदेशाध्यक्ष (ग्राम साथिन प्रकोष्ठ) पुष्पा देवी की अनुशंषा पर उमा शर्मा ब्लॉक सैपऊ को अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ शाखा ग्राम साथिन प्रकोष्ठ जिला धौलपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गायत्री महावर प्रदेश महामंत्री हैडक्वार्टर जयपुर ने नियुक्ति पत्र सौंपा है। महिला उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित गैर राजनैतिक संगठन शाखा ग्राम साथिन प्रकोष्ठ, राजस्थान की ओर से शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। न्यू आदर्श नगर बाड़ी रोड़ धौलपुर निवासी उमा शर्मा को ब्लॉक सैपऊ के अखिल राजस्थान महिला एवं बाल विकास संयुक्त कर्मचारी संघ शाखा ग्राम साथिन प्रकोष्ठ जिला धौलपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त करने पर कॉलोनी वासियों सहित साथिन प्रकोष्ठ के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

## न्याय आपके द्वार कैम्प का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन काग़जी के निर्देश पर न्याय आपके द्वार लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ त्वरित समाधान कैम्प रिको एरिया में आयोजित किया गया। एडवोकेट अनिल धाकड़ व पीएलवी राम बाबू माथुर ने लोगों को पेंपलेट बांटें।सुनील गालव ,आदित्य शुक्ला,बलवंत बंजारा,मनोज गुप्ता की उपस्थिति में कैम्प का आयोजन किया गया।

## 31 दिसम्बर 2025 से पहले नहीं कराया सत्यापन तो फिर अटकेगी पेंषन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से 2026 के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है। योजनान्तर्गत जिले के सभी पेंशनर्स को आवश्यक रूप से 31 दिसम्बर तक स्वयं का वार्षिक भौतिक सत्यापन आवश्यक रूप से करवाना है। जिले में लगभग 167581 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थी है जिनमे से आजदिनांक तक केवल 53.07 प्रतिशत पेशनर्स का ही सत्यापन हुआ है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्दों पर अंगुली की छाप एवं एन्ड्राइड मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी योजनान्तर्गत अपना वार्षिक सत्यापन जल्दी से जल्दी करवाये जिससे उनको पेंशन योजना का लाभ सुचारू रूप से मिलता रहेगा अन्यथा सत्यापन नहीं कराने के स्थिति में उनको पेंशन योजना का लाभ मिलना बंद हो सकता है। सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स योजनान्तर्गत वार्षिक सत्यापन नहीं होने की स्थिति में लाभार्थी शहरी क्षेत्र में संबंधित उपखण्ड अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित विकास अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## दानव दलन वीर हनुमान मंदिर में भव्य महा आरती, बड़ी संख्या श्रद्धालु उमड़े

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** शहर के कबूरिया कुआ के पास स्थित सिद्ध पीठ श्री दानव दलन वीर हनुमान मंदिर में गुरुवार रात पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। मंदिर महंत महावीर दास के पावन सानिध्य में संपन्न हुई इस विशाल आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाला जी महाराज की महा आरती का आनंद लिया। आरती के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो उठा।जानकारी के अनुसार दानव दलन वीर हनुमान मंदिर शेखावाटी क्षेत्र के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक है, जिसकी स्थापना को 400 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। मान्यता है कि इस मंदिर में बाला जी महाराज के दर्शन से भक्तों की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। यही कारण है कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु यहाँ दर्शन के लिए पहुँचते हैं।देश के लगभग हर राज्य में इस मंदिर के भक्त मौजूद हैं, जो समय-समय पर बाला जी महाराज का आशीर्वाद लेने यहाँ आते हैं।

# जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम

### पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अत्यंत भव्य, उत्साहपूर्ण और गरिमामय स्वागत-सम्मान किया गया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर के नवनियुक्त अनुसूचित जाति स्प्ट प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दर्शनलाल जाटव तथा अन्य पिछड़ा वर्ग OBC प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सोनू यादव का जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित की अध्यक्षता में विशेष कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा अत्यंत भव्य, उत्साहपूर्ण और गरिमामय स्वागत-सम्मान किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला एवं परंपरागत साफा पहनाकर आदरपूर्वक अभिनंदन किया गया। इस अवसर ने संगठनात्मक एकता और कार्यकर्ताओं में नई प्रेरणा का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अपने अनुभव, समर्पण, संगठनात्मक कौशल और जनसरोकारों के प्रति सजग दृष्टिकोण के माध्यम से कांग्रेस संगठन को नई दिशा, गति और मजबूती प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की सुदृढ़ता, सामाजिक न्याय, अधिकार-सुरक्षा और व्यापक जनभागीदारी को बढ़ाने में उनका नेतृत्व निर्णायक सिद्ध होगा। कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि उनके दूरदर्शी, सक्रिय और सशक्त नेतृत्व से धौलपुर जिले में कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत, अनुशासित तथा जनकेन्द्रित बनकर उभरेगा। इसी विश्वास और शुभेच्छा के साथ दोनों पदाधिकारियों को सफल, निर्णायक एवं प्रभावी नेतृत्व हेतु हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सेवादल की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने अपने भाषण में कहा: 'हमारा उद्देश्य केवल संगठन को सुदृढ़ करना नहीं है, बल्कि हर वर्ग, हर युवा और हर कार्यकर्ता तक कांग्रेस के आदर्श, सेवा भाव और जनहितकारी दृष्टिकोण को पहुँचाना है। मैं आप सभी से आग्रह करती हूँ कि मिलकर कार्य करें, एकता और अनुशासन बनाए रखें, और धौलपुर में कांग्रेस को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँ। आपका सहयोग और सक्रिय भागीदारी ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।' नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दर्शनलाल जाटव और सोनू यादव ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया और कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से एकजुट होकर संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष बनवारी जाटव, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र कन्डेरा, ब्लॉक अध्यक्ष शिब्बू लोधा, भगवान सिंह, परवेश पठान, सुरेन्द्र जाटव, ब्रजराज सिंह, अजय विलोनिया, शकील, राजेश गोड, रामभरोसी शर्मा, जलमानी रविन्द्र सिंह मौर्य, राजू पहाड़िया, विक्रम सिंह, रामवीर गोस्वामी, ओमप्रकाश महावना, रामेन्द्र सिंह चौहान, राजेश कुशवाह, महादेवा मीना, नरेंद्र यादव, दीपक पाराशर, साबिर कुरेशी, इकबाल सैफी तथा गिर्राज सिंह सहित अनेक पदाधिकारी, युवा कार्यकर्ता एवं सोशल मीडिया टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

## किलेदार के पुरा मठ आंगनबाड़ी केंद्र का टूटा दरवाजा 2 महीने से नहीं सुधरा, ठेकेदार गायब, सहायिका ने की सख्त कार्रवाई की मांग

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** बसेड़ी उपखंड के किलेदारकेपुरा मठ आंगनबाड़ी केंद्र में पानी की टंकी के निर्माण कार्य के दौरान केंद्र का मुख्य दरवाजा जेसीबी की मशीन से तोड़ दिया था, लेकिन करीब 2 महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक निर्माण नहीं कराया गया है। जानकारी के अनुसार ठेकेदार जीतू ने पानी की टंकी लगाने के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र का दरवाजा जेसीबी से तुड़वा दिया था और तत्काल आश्वासन दिया था कि वह इसे जल्द ठीक करवा देगा। लेकिन दो माह बीत जाने के बावजूद न तो दरवाजे की मरम्मत कराई गई और न ही ठेकेदार ने आंगनबाड़ी स्टाफ के फोन उठाने की ज़रूरत समझी। आंगनबाड़ी सहायिका का कहना है कि खुले दरवाजे के कारण केंद्र की सुरक्षा पर संकट बना हुआ है और बच्चों की गतिविधियों पर भी असर पड़ा है। सहायिका ने आरोप लगाया कि बार-बार संपर्क करने के बावजूद ठेकेदार की ओर से कोई जवाब नहीं मिला है, जिससे स्थानीय महिलाओं और अभिभावकों में भी नाराज़गी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी भवनों से जुड़े कार्यों में ऐसी लापरवाही आम हो चली है, और प्रशासन को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। आंगनबाड़ी स्टाफ ने उपखंड प्रशासन से मांग की है कि लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और केंद्र का दरवाजा शीघ्र लगवाकर बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## जिले ने समयबद्धता और समन्वय के साथ हासिल किया शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन का लक्ष्य

### जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने टीम धौलपुर की कार्यकुशलता को सराहा




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन ने प्रशासनिक दक्षता का परिचय देते हुए एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। अब जिले ने मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन कार्य में शत-प्रतिशत लक्ष्य अर्जित कर लिया है। यह उपलब्धि जिले के निर्वाचन तंत्र की सक्रियता और मैदानी अमले के समर्पण का परिणाम है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने अभियान की सफलता का श्रेय टीम भावना को दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल आंकड़ों की नहीं, बल्कि एक सुनियोजित कार्यप्रणाली का परिणाम है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और विशेष रूप से बूथ लेवल अधिकारियों ने एक इकाई के रूप में कार्य करते हुए इस लक्ष्य को निर्धारित समय में पूर्ण किया है। प्रशासन ने प्रत्येक स्तर पर तकनीकी बाधाओं का त्वरित निवारण किया, जिससे यह गति संभव हो सकी। जिले की इस उपलब्धि के पीछे सूक्ष्म कार्ययोजना और नियमित समीक्षा की अहम भूमिका रही। जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संवाद की एक मजबूत कड़ी स्थापित की गई। कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई और कार्मिकों को निरंतर प्रेरित किया गया। डिजिटाइजेशन का चरण पूर्ण होने के उपरांत, जिला निर्वाचन अधिकारी ने अभियान के अगले और सबसे महत्वपूर्ण चरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब प्रशासन का पूरा ध्यान मतदाता सूची के गुणात्मक सुधार पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी दिनों में अनमैप्ड मतदाताओं और एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड श्रेणी के मतदाताओं का गहनता से सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहे, इसके लिए इन श्रेणियों का भौतिक सत्यापन और निस्तारण पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन का उद्देश्य केवल नाम जोड़ना नहीं, बल्कि एक ऐसी मतदाता सूची तैयार करना है जो पूरी तरह शुद्ध और त्रुटिरहित हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों से आह्वान किया है कि वे इसी ऊर्जा और निष्ठा के साथ सत्यापन कार्य में जुट जाएं, ताकि जिला न केवल आंकड़ों में बल्कि डेटा की शुद्धता में भी राय में अग्रणी भूमिका निभा सके।

## राज्य सरकार के दूसरी वर्षगांठ पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने राज्य सरकार की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों के संबंध में सभी विभागां एवं संबंधित नोडल अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिये। जिला कलक्टर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग को जिला दर्शन पुस्तिका के प्रकाशन करवाने एवं जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद एवं निकाय क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, नागरिक सहभागिता, जनजागरूकता एवं सौन्दर्यीकरण आधारित विशेष कार्यक्रम का आयोजना किया जाना सुनिश्चित करें। विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों, स्मारकों, मन्दिर परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता रेली, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ कार्यक्रम के साथ ही बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान आधारित रंगोली का निर्माण कराया जाना सुनिश्चित करें। सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागों की कार्ययोजना बनाकर सरकार के 2 वर्ष होने पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जिम्मेदारी कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली गतिविधियों में रक्तदान शिविर, सड़क सुरक्षा अभियान, मन्दिरों, स्मारकों, राजकीय कार्यालयों आदि में साफ-सफाई, स्वच्छ भारत मिशन, जनसभा का आयोजन, जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन, युवा रोजगार दिवस, महिला सम्मेलन, पर्यावरण संरक्षण अभियान आदि गतिविधियां आयोजित किया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ए. एन. सोमनाथ, सहायक निदेशक सूचना एवं जन सम्पर्क राजकुमार मीणा सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों की सुरक्षा हेतु चला बाल-वाहिनियों का चैकिंग अभियान

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा बच्चों के कल्याण को सर्वोपरि विषय मानते हुए बच्चों की सुरक्षा हेतु बाल-वाहिनियों के संबंध में दिशा-निर्देशों जारी किये गये है। इसी क्रम में संपूर्ण प्रदेश में बाल-वाहिनियों के निरीक्षण का सघन अभियान चलाया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर रेखा यादव द्वारा बताया गया कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और शिक्षा अर्जन हेतु वे अपने घर से विद्यालय आने-जाने हेतु बस, मिनी बस, वैन, ऑटो एवं रिक्शा इत्यादि बाल-वाहिनियों का उपयोग करते हैं। बच्चे बाल-वाहिनियों के माध्यम से सुरक्षित यात्रा कर सके, इसके लिए माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न आदेश जारी कर रखे हैं और उन आदेशों की पालना में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली के द्वारा भी दिशा-निर्देश जारी किए हैं, किन्तु इसके बावजूद भी विभागीय उदासीनता के कारण इन आदेशों और दिशा-निर्देशों का पालन यथावत रूप से नहीं हो रहा है। यह बहुत गम्भीर विषय है तथा इस विषय पर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रसंज्ञान लिया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर द्वारा समय-समय पर बाल-वाहिनियों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की पालना किये जाने हेतु जिला प्रशासन/पुलिस विभाग/परिवहन विभाग एवं शिक्षा विभाग को पत्र जारी कर पालना सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर द्वारा स्वयं भी बाल-वाहिनियों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। बाल वाहिनियों के चालकों को भी सुरक्षा मानकों से अवगत कराया जाकर पालना किये जाने हेतु समझाईस की जा रही है। साथ ही मीडिया के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों से भी अपील की जा रही है। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत द्वारा दिनांक 05.12.2025 को शहर में विभिन्न स्थानों पर बाल-वाहिनियों का चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान कई स्कूल की बस और वैन ओवरलोडिंग, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने, फिटनेस प्रमाण पत्र की कमी, फर्स्ट-एड बॉक्स न होने तथा सुरक्षा मानकों का पालन न करने की स्थिति में पाई गईं, मौके पर ही संबंधित चालकों के चालान बनाए और विद्यालय प्रबंधन को सख्त चेतावनी जारी करते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी वाहन नियमित रूप से मेंटेनेंस कराएं, ड्राइवरों का वेरिफिकेशन सुनिश्चित हो तथा परिचालकों को सुरक्षा मानकों का विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। अभियान के दौरान अधिकारियों ने अभिभावकों और आमजन से भी अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अनियमितता दिखने पर तुरंत रिपोर्ट करें, ताकि सुरक्षित छात्र परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। टीम ने बताया कि ऐसे निरीक्षण समय-समय पर जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

प्रारूप-10
नियम 6 (7) देखिए ]

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय, नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक**

कमांकः नपासा/2025 / 2097 दिनांक 05/12/25

**-: लोकसूचना :-**

श्रीमति सावित्री देवी पत्नि श्री बाबुलाल खरेटिया, निवासी- संजय नगर, अजमेर रोड, जयपुर तहसील फुलेरा जिला जयपुर (राज) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजनों के लिये भू उपयोग परिवर्तन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात् :-

| क.सं. | जिले का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | रकबा | चाहा गया उपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | तेज्या का बास | 2559/2549 | कुल किता 01 रकबा 1.7703 हैक्टेयर | कुल किता 01 रकबा 1.7703 हैक्टेयर भूमि को आवासीय में रूपान्तरण हेतु । |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोगार्थ (आवासीय भू-रुपान्तरण) हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 05/12/125 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगरपालिका मण्डल सांभर लेक**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड - चाकसू**

क्रमांक :- 1718 दिनांक :- 03.12.2025

**अल्पकालीन ई-टेन्डिरिंग सूचना संख्या 23/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं अपंजीकृत संवेदक (क्र.सं 01 एवं 02 पर अकित टैण्ट कार्य हेतु) से कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी । निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Http//dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp व www.sppp.rajasthan.gov.in व Http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।
FINANCE (G&T) DEPARTMENT NOTIFICATION Jaipur, October 22, 2021 (75A. Additional Performance Security.- (1) In addition to Performance Security as specified in rule 75, an Additional Performance Security shall also be taken from the successful bidder in case of unbalanced bid. The Additional Performance Security shall be equal to fifty percent of Unbalanced Bid Amount. The Additional Performance Security shall be deposited in lump sum by the successful bidder before e&ecution of Agreement. The Additional Performance Security shall be deposited through e-Grass, Demand Draft, BankerÓs Cheque, Government Securities or Bank Guarantee.)

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | Various Work for VVIP/VIP Visit in PWD Division-Chaksu, Jaipur (9 Nos) |
| कुल अनुमानित लागत | : | राशि रु.707.32 लाख |
| कुल धरोहर राशि | : | अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत |
| निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख | : | गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025 अपराहन 12.00 बजे से सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 अपराहन 12.00 बजे तक |
| निविदा जमा कराने की तारीख | : | गुरुवार, 04 दिसम्बर, 2025 अपराहन 12.00 बजे से सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 अपराहन 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | : | सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 को सायं 5.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया | : | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6 (5) / वित्त / साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न)<br>1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग<br>2. निविदा शुल्क - 0075-00-800-52-01<br>3. धरोहर राशि - 8443-00-108-00-00<br>ऑफिस आई.डी. 32826 |

UBN No :
PWD2526WSOB18207, PWD2526WSOB18208 , PWD2526WSOB18209, PWD2526WSOB18210
PWD2526WSOB18211, PWD2526WSOB18212, PWD2526WSOB18213, PWD2526WSOB18214
PWD2526WSOB18215

**(राजीव जैन)**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड-चाकसू (जयपुर)**

DIPR/C/18019/2025

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
6 दिसम्बर, 2025


## सरदारशहर बार एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

### अधिवक्ता राजेन्द्र राजपुरोहित सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के न्यायालय परिसर में शुक्रवार को अधिवक्ता समुदाय में एकजुटता और सौहार्द का परिचय देते हुए सरदारशहर बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अधिवक्ता राजेन्द्र राजपुरोहित को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बिना किसी विरोध के हुए इस निर्वाचन ने बार सदस्यों के बीच आपसी विश्वास और मजबूत नेतृत्व की भावनाओं को और मजबूत किया है। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण व उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने एकमत होकर राजपुरोहित के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उनके चयन पर अधिवक्ता वर्ग में हर्ष की लहर दौड़ गई और साथियों ने माल्यार्पण कर नये अध्यक्ष का स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजपुरोहित ने बताया कि वह बार सदस्यों की समस्याओं के त्वरित समाधान, अधिवक्ताओं की सुविधाओं में बढ़ोतरी एवं न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि सर्वसम्मति से मिला यह समर्थन उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आशा जताई कि नए नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।



## सरदारशहर क्रिकेट चैम्पियनशिप लीग का शुभारंभ, उद्घाटन मैच रॉयल इलेवन ने 13 रनों से जीता



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(कासं.)।** सरदारशहर क्रिकेट चैम्पियन लीग का शुभारंभ भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने बल्लेबाजी और भाजपा ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मुरलीधर सैनी ने बोलिंग कर किया। उद्घाटन मैच राजस्थान रॉयल्स और रॉयल इलेवन के बीच खेला गया। राजस्थान रॉयल्स ने टोस जीत कर पहले बोलिंग करना तय किया गया। जिसमें रॉयल्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 97 रन बनाये और बाद में राजस्थान रॉयल ने 8 ओवर में 86 रन ही बना पाई और 11 रनों से हार गई। उद्घाटन मैच में मैन ऑफ दा मैच जेपी जमीदार रहे। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राजपुरोहित ने कहा कि खेल को हार जीत की अपेक्षा अपनी प्रतिभा को दर्शाने की आवश्यकता है। जिससे आप भी देश के होनहार अच्छे खिलाड़ी बनकर दुनिया में देश का नाम रोशन कर सकें। खेल भाईचारे और सौहार्द का प्रतिक है। इस अवसर पर आयोजन मंडल के अजय सैनी ने बताया कि 7 से 8 दिन चलने वाली इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है। प्रत्येक मैच 8-8 ओवर के खेले जाएंगे। सत्र में चंपालाल सैनी, विकास तंवर, संजय सिंह, विजय जांगिड़, मोनिस खान, कान्हा सैनी सहित आयोजन मंडल के पदाधिकारी मोजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रुस्तम खान ने किया।

## गौसेवा में दिया धन समृद्धि लाता है: सोनी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में वाहिदपुरा निवासी नवीन बुक डिपो के मालिक बजरंगलाल दुलड ने गौसेवा में 51000 रुपये की राशि प्रदान की। इस अवसर पर समिति सह कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने कहा कि गौसेवा में जो व्यक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान करता है उसको कभी किसी चीज़ की कमी नहीं होती।गाय की सेवा से समृद्धि आती है। इस शुभ कार्य में प्रेरणा देने वाले हमारे अभिभावक पुरुषोत्तमलाल छापोला का हम हार्दिक आभार प्रकट करते है जो हर समय ही गौसेवा व गौशाला के लिए तैयार रहते है।इस पुनीत कार्य में भी पुरुषोत्तम जी का आभार प्रकट करते हैं । इस अवसर पर महंत नरेन्द्र सुरोलिया ने कहा कि भारत की संस्कृति में गाय को माँ का स्थान दिया गया है। हमारे वेदों और पुराणों में गौ माता को 'धेनु' कहा गया है, जिसका अर्थ है - जो सबको पोषण दे। दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र - ये पाँच अमृत तत्व न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी शुद्धता प्रदान करते हैं। आज के आधुनिक युग में जहाँ लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, वहीं गौ माता की सेवा का महत्व और भी बढ़ जाता है। गौ सेवा केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक है। गौ माता का गोबर और गौमूत्र जैविक खेती के लिए वरदान है। यह खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाते हैं और रसायनों से मुक्त अन्न प्रदान करते हैं। इसी कारण भारतीय कृषि परंपरा सदियों से गौ माता पर आधारित रही है। इस पुनीत कार्य के लिए समिति बजरंग लाल का आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, प्रकाश स्वामी,किशोर चौहान, गजेंद्र सिंह मनीष, वंश , बजरंग लाल आदि मौजूद रहे।

## क्रिप्टो अपराधों पर नकेल : भूटान पुलिस अधिकारियों को जयपुर में विशेष ट्रेनिंग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** जयपुर स्थित सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (सीडीटीआई) में रॉयल भूटान पुलिस के पाँच अधिकारियों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 'क्रिप्टो करेंसी एवं डार्क वेब अपराधों की जाँच' विषय पर केंद्रित था। इस पहल ने भारत और भूटान के बीच पुलिस प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग को और मजबूत किया है। सीडीटीआई के निदेशक डॉ अमनदीप सिंह कपूर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान भूटान के अधिकारियों को आधुनिक साइबर अपराधों से निपटने के लिए आवश्यक उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया।

## अपनी जन्मभूमि के लिए डॉ. सतीश पूनियां की बड़ी सौगात, चूरू के बेवड़ गांव में विद्यालय भवन का किया शिलान्यास

### पूरे राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता का मुझे भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलता है, यह मेरी सबसे बड़ी पूंजी है; डॉ. सतीश पूनियां

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने अपनी जन्मभूमि चूरू के बेवड़ गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय भवन के शिलान्यास समारोह में पूजा-अर्चना कर नये भवन की नींव रखी।

### सतीश पूनियां ने अपनी जन्मभूमि

बेवड़ गांव में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय भवन के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि, जिस गांव में मेरा जन्म हुआ, उस गांव की धरती पर मुझे विद्यालय का शिलान्यास करने का सौभाग्य मिला; यह इस माटी के तप और आप सभी के आशीर्वाद से संभव हुआ है, यह मेरे लिए अत्यधिक खुशी और गौरव का क्षण है। सतीश पूनियां ने कहा कि मेरा हमेशा प्रयत्न रहा कि जन्मभूमि से लेकर कर्मभूमि और मेरे पूरे प्रदेश का विकास हो और इसी क्रम में हमेशा मेरे मन में यह संकल्प रहा कि मेरा गांव बेवड़ और मेरा जिला चूरू भी शिक्षा, चिकित्सा, कृषि सहित सभी क्षेत्रों में अग्रणी बने, यह कोशिश हमेशा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि, जीवन में मैंने संघर्ष और कठिनाइयां देखीं हैं, 1982 में बड़े भाई का निधन और 1987 में पिताजी का चले जाना यह मेरे लिए बहुत दुखद घड़ी थी, लेकिन इन तमाम कठिनाइयों के बावजूद राष्ट्रवाद के विचार को समर्पित होकर जन्मभूमि से लेकर प्रदेश के विकास का लक्ष्य हमेशा मेरे मन में रहा, जिसके लिए निरंतर परिश्रम करता हूँ। लोग भले यह सोचते हों कि सतीश पूनियां ने जो पिछले 40 वर्षों में राजनीति को लेकर संघर्ष और परिश्रम किया उसका फल मिला कि नहीं मिला, लेकिन मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि पूरे राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता का मुझे भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिलता है, इस बात पर मुझे हमेशा गर्व है, यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि विश्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार और राजस्थान की भाजपा सरकार का हार्दिक अभिनंदन और आभार व्यक्त करता हूं कि मेरी जन्मभूमि के विद्यालय भवन के नये निर्माण के लिये बजट जारी किया, जिससे यह सुंदर और व्यवस्थित भवन बनकर तैयार होगा, जो हमारे प्रदेश और देश के भविष्य की युवा पीढ़ी के लिए शिक्षा की अलख जगाएगा। कार्यक्रम में पद्मभूषण देवेंद्र झाझरिया, सुमित्रा पूनिया, सुरेंद्र सिंह राठौड़, समाजसेवी डॉक्टर रण सिंह जांगिड़, सुरेंद्र स्वामी, लोकराम मेघवाल, मानसिंह राठौड़, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुमन जाखड़ इत्यादि सहित प्रमुख गणमान्य लोग, पार्टी पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।






## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में दिल्ली के रैली को लेकर मैराथन बैठक

### गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी के विधायकों संगठन से जुड़े नेताओं के साथ रैली की व्यवस्थाओं को लेकर की चर्चा




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आगामी 14 दिसंबर को कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित की जा रही राष्ट्रीय रैली की तैयारी को लेकर शुक्रवार को राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में भी कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं की विशेष बैठक आयोजित हुई बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के अलावा कांग्रेस पार्टी के विधायक प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और पार्टी के संगठन से जुड़े नेता शामिल रहे बैठक में डोटासराने रैली में राजस्थान से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों की उपस्थिति दर्ज करवाने के संदर्भ में पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र की जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना को कहा डोटासरा ने पार्टी के विधायकों से भी कहा कि वे अपने क्षेत्र से ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस जनों को रैली में लेकर जाएं डोटासराने बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के कार्य पर भी कड़ी निगरानी रखने को कहा उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में नई मतदाता सूची तैयार करने के कार्य में अगर किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी और अनियमित हो तो इसके बारे में तुरंत प्रशासन के अधिकारियों को अवगत करवाने के अलावा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को भी भेजी जाए डोटासरा ने बैठक में कहा कि कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती देने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़े क्योंकि आने वाले समय में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव भी होने वाले हैं ऐसे में राजस्थान सरकार की विफलताओं और राजस्थान सरकार की ओर से पिछली सरकार के कार्यकाल में जिन जिन जन कल्याणकारी योजनाओं को बंद किया गया या फिर जिन योजनाओं को कमजोर कर दिया गया उन सब के बारे में लोगों को जानकारी दे उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत से साबित हो गया है कि भाजपा की सरकार से राजस्थान के लोगों का विश्वास उठ चुका है इसलिए कांग्रेस पार्टी के छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर अभी से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में युद्ध स्तर पर जुट जाएं डोटासराने यह भी कहा कि जिन नेताओं को संगठन में जिम्मेदारी दी गई है अगर उन्होंने अपनी जिम्मेदारी को ठीक तरह से नहीं निभाया तो उन्हें उनके पद से हटाया भी जा सकता है और जो संगठन में अच्छा काम करके दिखाएंगे उन्हें आगे और भी बड़े अवसर दिए जाएंगे ।

## उप मुख्यमंत्री बैरवा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सड़क सुरक्षा को लेकर आरटीओ डीटीओ से किया संवाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार केंद्र सरकार के प्रत्येक आदेश और निर्देश को कितनी गंभीरता से लेती हैं इसका उदाहरण शुक्रवार को उस समय देखने को मिला जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने सड़क हादसों को रोकने तथा यातायात और परिवहन विभाग के नियमों की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों को उपलब्ध करवाने इत्यादि विषयों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश भर के आरटीओ और डीटीओ से काफी देर तक बातचीत की उप मुख्यमंत्री बैरवा ने 1 जनवरी से 31 जनवरी तक केंद्र सरकार के कहे अनुसार पूरे प्रदेश में प्रभावी तरीके से सड़क सुरक्षा अभियान संपादित करने के निर्देश भी दिए क्योंकि केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान संपादित करने को कहा था इसी के परिपेक्ष में भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री के इस निर्देश को तुरंत गंभीरता से लिया और अगले ही दिन परिवहन मंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने परिवहन विभाग के प्रदेश भर के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित करके एक से 31 जनवरी तक प्रभावी और गंभीरता पूर्वक सड़क सुरक्षा अभियान संपादित करने के निर्देश दिए इस अभियान के तहत परिवहन विभाग पुलिस प्रशासन यातायात पुलिस और स्वयंसेवी संगठनों इत्यादि को साथ लेकर लोगों को परिवहन विभाग और ट्रैफिक के नियमों की जानकारी देने के अलावा स्कूलों में भी बच्चों को ट्रैफिक और परिवहन विभाग से जुड़ी सभी तरह की जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएगी तथा वाहन चालकों को नशा नहीं करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा और उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह से नशा करने से एक्सीडेंट होने के ज्यादा चांस होते हैं इसके लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन पंपलेट इत्यादि के माध्यम से लोगों में यातायात और परिवहन विभाग के नियमों को लेकर जन जागृति पैदा करने का प्रयास किया जाएगा आगामी 1 से 31 जनवरी तक प्रदेश के सभी छोटे-बड़े सड़क मार्गों के किनारे अवैध रूप से स्थित ढाबों को हटाने तथा अवैध रूप से स्थित शराब की दुकानों को हटाने की कार्रवाई भी शामिल की जाएगी हालांकि राजस्थान का परिवहन विभाग पिछले कुछ दिनों से अलर्ट मोड पर है हरमाड़ा तथा अन्य जगहों पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद परिवहन विभाग का चेकिंग अभियान पूरे प्रदेश में प्रभावित तौर पर जारी है लेकिन केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा है कि तमाम तरह के प्रयास के बावजूद भी देश में सड़क हादसों में बड़ी संख्या में लोगों की मौतें हो रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखे पत्र में गडकरी ने बताया है कि 1 साल में 172000 लोगों की मौत सड़क हादसों में हो चुकी है पत्र में यह भी लिखा गया कि देश में रोजाना प्रति घंटे 50 सड़क दुर्घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो रही है जिसमें 18 से 45 साल के आयु वर्ग के लोगों की ज्यादा मौत हुई है इनमें पैदल और दुपहिया वाहन चालकों की ज्यादा मौत हुई है इसलिए परिवहन और यातायात नियमों की ज्यादा से ज्यादा जानकारी लोगों को उपलब्ध करवाने और परिवहन और यातायात विभाग की ओर से अपनी जांच प्रक्रिया को सतत रूप से गंभीरता से और तेजी से संपादित करने के बारे में केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान सरकार को पत्र लिखा इसके अगले ही दिन उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने प्रदेश के सभी परिवहन विभाग के अधिकारियों से मैराथन बैठक आयोजित करके एक से 31 जनवरी तक गंभीरता से और प्रभावित तौर पर सड़क सुरक्षा अभियान संपादित करने के निर्देश दिए ।

## मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों के जूनियर छात्रों को मुर्गा बनाने पर चार आरोपी छात्र निलंबित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर के सवाई मानसिक मेडिकल कॉलेज के बाद प्रदेश की सिरोही की मेडिकल कॉलेज में भी सीनियर छात्रों की ओर से जूनियर छात्रों के साथ दुर्व्यवहार और अभद्र गतिविधियों को अंजाम देने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने आरोपी चार छात्रों को निलंबित कर दिया है जानकारी के अनुसार फिलहाल इन छात्रों को 15 दिन के लिए निलंबित किया गया है लेकिन इसके बावजूद भी अगर इन छात्रों के आचार विचार और व्यवहार में बदलाव नहीं हुआ और दोबारा से अगर इस तरह की गलती को अंजाम देंगे तो फिर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन में कही है फिलहाल चार सीनियर छात्रों को मेडिकल कॉलेज ने 15 दिन के लिए निलंबित किया है जानकारी के अनुसार सिरोही के मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों की ओर से जूनियर छात्रों को बाकायदा मुर्गा बनाया गया उनके शरीर से कपड़े हटाकर पूरे मेडिकल परिसर में उन्हें घुमाया गया जिसकी शिकायत मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से इस तरह के मामलों की जांच के लिए गठित कमेटी ने इस मामले की गंभीरता से जांच की जिसमें जूनियर छात्रों की शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी चार छात्रों को 15 दिन के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले ही जयपुर के मेडिकल कॉलेज के जूनियर छात्रों ने जयपुर के मेडिकल कॉलेज प्रशासन से शिकायत नहीं करके अपने साथ सीनियर छात्रों की ओर से किए गए दुर्व्यवहार की शिकायत यूजीसी के पोर्टल पर की इसके बाद जयपुर का मेडिकल कॉलेज प्रशासन हरकत में आया और फिर शिकायत की जांच करते हुए आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की अब सिरोही के मेडिकल कॉलेज में इसी तरह का मामला सामने आया सवाल यही खड़ा होता है कि जब मेडिकल के स्टूडेंट ही इस तरह से अपने जूनियर स्टूडेंट के साथ दुर्व्यवहार और गलत आचरण अपना रहे हैं तो फिर डॉक्टरी जैसे प्रोफेशन में उनके आगे के अच्छे करियर की कल्पना कैसे कर सकते हैं क्योंकि समाज में डॉक्टर को भगवान से भी बढ़कर माना जाता है लेकिन जब उनका आचरण ही निम्न स्तर पर गिर जाए तो फिर लोग उन्हें अब आगे भगवान मानने से भी पीछे हट सकते हैं

## जयपुर में शत-प्रतिशत मतदाताओं का डिजिटलीकरण, 90' मतदाताओं की हुई मैपिंग

### निर्धारित तिथि से 6 दिन पूर्व जिले ने हासिल किया लक्ष्य

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की समीक्षा

### विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर मैपिंग कार्य का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जयपुर जिले की सभी 17 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं का डिजिटलीकरण कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सिविल लाइंस, बगरू एवं झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर मैपिंग कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया तथा आमजन से संवाद भी किया। उन्होंने बीएलओ एवं तकनीकी कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्धारित अवधि में शेष मैपिंग कार्य को सुनिश्चित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेघराज मीणा ने बताया कि 05 दिसंबर 2025 को शाम 4 बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में मतदाताओं की मैपिंग का कार्य 90.93 प्रतिशत संपन्न हो चुका है। परिगणना अवधि की अंतिम तिथि 11 दिसंबर 2025 है। जिन मतदाताओं ने अब तक अपनी मैपिंग संबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है, वे संबंधित बूथ लेवल अधिकारी की सहायता से अपने 2002 के रिकॉर्ड खोजकर मैपिंग कार्य पूर्ण करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे समय सीमा से पूर्व आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ एवं सटीक बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## खेलो इंडिया में जमकर हुआ भ्रष्टाचार, अधिकारियों ने किए मजे: गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राजस्थान में खेलो इंडिया कार्यक्रम में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है इस टूर्नामेंट के तहत प्रदेश भर में फाइव स्टार होटल बुक किए गए लेकिन बच्चों को ठहरने के लिए समुचित स्थान उपलब्ध नहीं करवाया गया उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया गया उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट को लेकर राजस्थान सरकार ने 80 करोड रुपए का बजट स्वीकृत किया और केंद्र सरकार से भी 30 करोड रुपए आवंटित हुए लेकिन मोटे तौर पर इस टूर्नामेंट में कमीशन बाजी खूब हुई है और पैसों का दुरुपयोग किया गया है तथा जमकर



भ्रष्टाचार किया गया है डोटासरा ने कहा कि खेलो इंडिया से खेल और खिलाड़ियों का विकास नहीं हुआ बल्कि अधिकारियों ने इस टूर्नामेंट में जमकर मजे किए हैं उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट के माध्यम से गरीब जनता के पैसे का दुरुपयोग किया गया है जो ठीक नहीं है डोटासरा ने कहा कि पूरे राजस्थान में खाद को लेकर किसान सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं यह सिलसिला पिछले कई दिनों से बना हुआ है लेकिन सरकार इतने दिन बीत जाने के बावजूद भी अब तक खाद की व्यवस्था मजबूत नहीं कर पाई किसान खून के आंसू रो रहा है और सरकार की मुखिया बार-बार दिल्ली दरबार में जाकर हाजिरी लगा रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्ची की सरकार के हाथ में कुछ भी कार्य नहीं है छोटे-छोटे कार्यों की परमिशन लेने के लिए मुख्यमंत्री को दिल्ली जाना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश की जनता ने जो पीड़ा भोगी है शायद ही अब तक किसी पार्टी की सरकार में इतनी पीड़ा लोगों ने भोगी हो उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र में पिछले 2 साल में राजस्थान काफी पीछे छूट गया है वजह यही है कि मुख्यमंत्री सिर्फ दिल्ली में बैठे नेताओं की जी हुजूरी करने में लगे हैं और अपनी कुर्सी बचाने की फिराक में बार-बार दिल्ली जाकर दिल्ली के नेताओं को खुश कर रहे हैं उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से एसआईआर का जो कार्य चल रहा है उसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता यह कह रहे हैं कि इस अभियान में घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं इस तरह की बात कह कर भारतीय जनता पार्टी के नेता चुनाव आयोग के इस कार्य को ऐतिहासिक बता रहे हैं लेकिन हकीकत में इस कार्यक्रम में घुमंतु गरीब मजदूर और प्रवासी लोगों के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी की ओर से वोट चोरी गद्दी हस्ताक्षर अभियान में प्रदेश के लोगों ने बड़ी संख्या में हस्ताक्षर किए हैं राजस्थान में ही नहीं बल्कि सभी राज्यों में बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए हैं इसलिए 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित होने जा रही रैली में मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य को लेकर कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरे देश में एक बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी उन्होंने कहा कि इस रैली में शामिल होने के लिए प्रदेश भर के कांग्रेस पार्टी के छोटे बड़े सभी नेताओं में उत्साह छाया हुआ है और इस रैली में राजस्थान से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे उन्होंने कहा कि रैली की व्यवस्थाओं के मध्य नजर प्रदेश कांग्रेस की ओर से संगठन से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी दे दी गई है ।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## आठवीं तक के बच्चों को स्वेटर वितरित की



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** तारानगर के निकटवर्ती गाँव रेड़ी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबूलाल बुनकर के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ ने आठवीं कक्षा तक के 62 बच्चों को स्वेटर वितरित की। इस मोके पर प्रदीप सिँह राठौड़, प्रेम कुमार गौड़, एडवोकेट मुकेश शर्मा, विक्रम सिँह राठौड़, अमृत सिँह, बंशीराम कस्वां, सुशील मेहड़ा, सत्यपाल सिँह, पूजा गहलोत सहित विद्यालय स्टाफ, बच्चे व ग्रामीण मौजूद रहे।

## पुर्व विधायक ने किया लोकार्पण



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निसं.)** कस्बे में राजकीय महाविद्यालय में स्मार्ट बोल्ड भामाशाह प्रदीप सर्राफ निवासी हाल कोलकता के सहयोग से दिये जाने का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुर्व विधायक अभिनेष महर्षी,रतनगढ़ विधानसभा प्रभारी अर्जून सिंह फांसा, हिम्मत सिंह मालासी, रतनलाल पारीक,पुर्व चेयरमैन गोपाल मारू, जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, मण्डल अध्यक्ष विष्णु भगवान, खेमराज पारीक, इन्द्रचन्द देवड़ा मंचस्थ थे। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से पधारे अतिथीयो को माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंचस्थ अतिथीयो द्वारा मां सरस्वती के आगे दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया। पुर्व चेयरमैन गोपाल मारू ने छात्रों की तरफ से पुर्व विधायक अभिनेष महर्षी से महाविद्यालय में संकाय बढ़ाने, महाविद्यालय को स्नाकोत्तर तक करवाने सहित मांग रखी। पुर्व विधायक महर्षी ने अवगत करवाये गये मांग को सरकार से वार्ता कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में किसी क्षेत्र मे जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करें। उसपर मेहनत करें सफलता आपको जरूर मिलेगी। छात्रों को परिवार के साथ देश के लिए भी काम करें ताकि 2047 तक भारत विकसित देश बन सके।

## एसडीएम राजेंद्र कुमार ने आवासीय विद्यालय व अम्बेडकर भवन का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने तारानगर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं अंबेडकर छात्रावास का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम राजेंद्र कुमार ने निर्धारित मैंनू अनुसार भोजन की जाँच की, छात्रावास में लाइब्रेरी आईटी रूम आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं कार्यालय में उपस्थित है समस्त रिकॉर्ड का अवलोकन किया। बच्चों को छात्रावास में अतिरिक्त कोचिंग क्लासेस लगाने हेतु छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया इसके अलावा बच्चों को पौष्टिक आहार युक्त भोजन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

## विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निसं.)** सेठ श्री मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय रतनगढ़ में महिला प्रकोष्ठ सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य डॉ सुशील कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हुआ।प्रो. शैलेष कुमार ने स्स्स्ध के बारे छात्राओं को विस्तार से बताया। महिला प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में योगिता स्वामी विजेता रहीद्य सलाद सजावट में चंचल सोनी व रचना ने प्रथम तथा अक्षरा व सानिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।मेमोरी टेस्ट में रचना व रिया प्रथम और उर्मिला और ललिता द्वितीय स्थान पर रहीं। डॉ.आशा कुमारी वर्मा , प्रो. प्रियंका, प्रो.सुशीला चौधरी व डॉ मरियम बानो ने निर्णायक की भूमिका निभाई । कार्यक्रम का संचालन प्रो मनीषा ने किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ रेखा शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में वीणा सुथार, शिल्पा कड़वा और छात्राएं उपस्थित रही।

# जब धरती पर पाप बढ़ता है तो भगवान लेते हैं अवतार सुखदेव महाराज

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** बाबा विश्वनाथ महाराज की 39वीं पुण्यतिथि पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान पूरा पांडाल भक्तिमय हो गया तथा 'नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल की...' की गूंज से गूंजायमान हो गया। सरदारशहर बाईपास रोड स्थित विश्वनाथ बगीची में महंत सुखनाथ महाराज के सानिध्य में चल रही भागवत में कथा वाचक सुखदेव महाराज कोलायत ने कहा कि जब-जब धरती पर पाप बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर भूमि को पाप के भार से मुक्त करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण परम योगेश्वर है, उनका जन्म मनुष्य के भीतर व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार का नाश कर आध्यात्मिक चेतना जागृत करने के लिए ही हुआ है। महाराज ने कहा कि जिस प्रकार वसुदेव ने भगवान को अपने सिर पर धारण किया, तो उनकी हथकड़िया और बेड़िया टूट गई तथा कारागार के द्वार अपने आप खुल गए। उसी प्रकार मनुष्य भगवान के शरणागत होकर उनको शिरोधार्य करता है, तो वह समस्त भव बंधन व सांसारिक बंधनों से मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान पर सच्ची श्रद्धा हो, तो वे अवश्य दर्शन देते हैं। लेकिन वर्तमान में छल, कपट एवं आडंबर बढ़ता जा रहा है, जिससे हमें बचना चाहिए। भगवान दिखावे से नहीं, भाव से प्रसन्न होते हैं। शुक्रवार की कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया तथा भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर कृष्ण जन्म की झांकी भी सजाई गई। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान ओमप्रकाश प्रजापत दंपत्ति ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर साध्वी हेमलता बाईराम, ताराचंद चौधरी, सुखाराम भारी, गीदाराम सिहाग, महावीर सेवदा, सुरेंद्र सिहाग सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निसं.)** भारत विकास परिषद् ,शाखा -रतनगढ़ द्वारा स्थानीय श्री संचियालाल बैद आदर्श विद्या मंदिर, रतनगढ़ में श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति, रतनगढ़ के अध्यक्ष जयप्रकाश ताम्रायत के मुख्य आतिथ्य में स्वर्गीय लक्ष्मी देवी धर्मपत्नी श्रीनिवास ताम्रायत की पुण्य स्मृति में शाखा स्तरीय अन्तर्महाविद्यालयीय हिंदी वाद - विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से शुरू हुए कार्यक्रम में मंच पर प्रान्तीय उपाध्यक्ष वासुदेव चाकलान , संरक्षक मदनलाल कम्मा, रामदेव चंदनिया,शाखा अध्यक्ष सत्यनारायण टेलर ,जिला सचिव त्रिविक्रम अपूर्वा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। परिषद् की परंपरा अनुसार वंदे मातरम् गीत गाया गया। शाखा - सचिव परमेश्वर लाल आत्रेय ने बताया की वाद - विवाद प्रतियोगिता का विषय- इस सदन की राय में : कृत्रिम मेधा(.द्ध.) का बढ़ता प्रचलन समाज एवं राष्ट्र हित में नहीं है।' पर पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखने के लिए रतनगढ़ नगर के सभी महाविद्यालयों को आमंत्रित किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इंडिया महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय , रतनगढ़ की छात्राएं , दूसरे स्थान पर मारूति कन्या महाविद्यालय ,रतनगढ़ की छात्राएं व तृतीय स्थान पर सेठ श्री मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय की छात्राएं रही वहीं सांत्वना पुरस्कार के लिए श्रीमती केशरी देवी लोहिया बालिका महाविद्यालय की छात्राएं रही। विजेता छात्राओं को परिषद् का दुपट्टा ओढ़ाकर , गिफ्ट , मोमेंटो व प्रशस्ति- पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके साथ ही आशुभाषण प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें प्रथम स्वीटी सोनी व द्वितीय तरूणा कुमारी रही।कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त प्रोफेसर कल्याण सिंह चारण, प्रधानाचार्य शरद शर्मा, व प्रोफेसर अनिल लाटा उपस्थित थे । इस अवसर पर राजेंद्र सिंह बिदावत ,दिनेशचंद्र शर्मा , राम गोपाल पारीक, शुकदेव सांखोलिया, राजेंद्र भारद्वाज,मदन सिंह फ्रांसा , विनोद वर्मा , पवन महर्षि , भंवरलाल टेलर , कमलेशदत्त शर्मा , बजरंग लाल सांखोलिया , नरोत्तम लाल सोनी , डॉ.ओमप्रकाश सांखोलिया, रघुनाथ प्रसाद इंदौरिया,मंजुला चाकलान सहित परिषद् के कई सदस्य व छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे ।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ । कार्यक्रम का संचालन कृपाशंकर स्वामी व अमित शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## संतो के सानिध्य में किया सवामणि प्रसाद ग्रहण

### वृक्ष मित्र ने पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स



**नवलगढ़:** मुकुंदगढ़ मंडी स्थित रामकुमारी शिक्षण संस्थान कैम्पस में डॉ, पूनम एवं रमन कुमार द्वारा स्वामणि प्रसाद व धार्मिक कार्यक्रम में शेखावाटी के अनेक संत गणमान्य व्यक्ति शिक्षाविद की मौजूदगी में पर्यावरण को बचाने हेतु वृक्षमित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू द्वारा डॉ. रमन कुमार निर्देशक रामकुमारी शिक्षण संस्थान एवं स्टाफ सदस्यों को पौधा भेंट कर हरियाली का संदेश देकर एक अनुकरणीय कार्य किया विशाल कैम्पस में हरियाली से आच्छादित है रामकुमारी शिक्षण संस्थान द्वारा आने वाले सभी मेहमानों का गर्म जोशी से स्वागत किया गया।

**आम सूचना**

द बिदासर मार्केट यार्ड प्रा. ली. पता- खसरा नं. 636/249 नोखा रोड, ढिगारिया रोही, मानपुरा, बिदासर, चुरू, (राज.) हैं, जिसे उपरोक्त स्थान पर राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड के अधीन निजी मंडी प्रांगण (गोण मंडी) स्वीकृत हैं। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित दिनांक से 7 दिनों के भीतर कंपनी के पते (कार्यालय समय में) पर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है या कानूनी कार्यवाही कर सकता है, 7 दिन समाप्त होने के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति या की गई कानूनी कार्यवाही मान्य या स्वीकार नहीं की जायेगी और किसी को किसी प्रकार की कानूनी कार्यवाही करने का अधिकार नहीं रहेगा (आपत्ति व कार्यवाही करने के अधिकार, निर्धारित समय समाप्त होने के बाद स्वत ही समाप्त माने जाएंगे) तथा कम्पनी किसी भी आपत्ति व कानूनी कार्यवाही में अपना पक्ष रखने व जवाब देने के लिए बाध्य नहीं रहेगी, निर्धारित समय समाप्त होने के बाद, धन्येवाद

**द बिदासर मार्केट यार्ड प्रा.ली. पता- खसरा नं. 636/249 नोखा रोड, ढिगारिया रोही, मानपुरा, बिदासर, चुरू, (राज.)**

**Office of the Executive Engineer, Public Health Engineering Department, Division Ratangarh**

No.:-EE/NIT/2025-26/2122 Date: 26/11/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid of annual rate contract for removing of leakage and chocking in various type/ size pipe line Jen Section city Ratangarh, Rajaldesar and Sehla Khudera under city sub Division Ratangarh are invited from interested bidders up to 09.12.2025, for other particulars/details of the bids may visit on the procurement portal(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and P.H.E.D. department website:
UBN NIT No.: 26 PHE2526WSRC09089
UBN NIT No.: 27 PHE2526WSRC09091
UBN NIT No.: 28 PHE2526WSRC09092

**(Mahendra Kantiwal)**
**Executive Engineer**
**PHED Division Ratangarh**
DIPR/C/17875/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)**

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2314-2327 Date: 01-12-2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 31/2025-26 Supply Of 4 Submersible Cable in Division Store Churu and Nit no 32/2025-26 Supply Of MS NUT BOLT in Division Store Churu are invited form interested bidders upto 10-12-2025 (02:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://Eproc.rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit No 31/2025-26 Rs. 01.50 Lacs. And Nit No. 32/2025-26 Rs 01.50 Lac.
UBN No. PHE 2526 GSRC 09233 RS 01.50 Lac
UBN No. PHE 2526 GSRC 09234 RS 01.50 Lac

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**
DIPR/C/17890/2025

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN SUJANGARH**

No:-2062-2075 Date : 01/12/2025

**Notice Inviting Bid No 19/2025-26**

Bids for 4 (Four Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 19.12.2024 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 456.58 Lacs

NIB NO- PWD2526A4563
UBN NO :-
1. PWD2526WSOB18080 2. PWD2526WSOB18081
3. PWD2526WSOB18082 4. PWD2526WSOB18083

**Executive Engineer**
**PWD Dn. Sujangarh**
DIPR/C/17896/2025

## आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

सुजानगढ़(नि.सं.)। अर्पण सेवा संस्थान द्वारा यूनिसेफ के सहयोग से शुक्रवार को बीडीएस होटल में जीरो डोज कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावशाली सहयोगियों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में टीकाकरण से वंचित जीरो डोज बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ने के लिए प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता एवं बीसीएमओ डॉ. भूपेंद्र मेघवाल उपस्थित रहे।

## अभिभाषक संघ की बैठक आयोजित

तारानगर

तारानगर के न्यायालय परिसर में शुक्रवार को सीनियर अभिवक्ता लक्ष्मीनारायण सहारण की अध्यक्षता में तारानगर अभिभाषक संघ की बुलाई आयोजित की गयी जिसमें अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी वर्ष 2026 का चुनाव करवाने के लिए एडवोकेट पवन कुमार योगी को मुख्य चुनाव अधिकारी, एडवोकेट सूर्य प्रकाश सहारण को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया।

## नैत्र व चर्म रोग चिकित्सा शिविर कल

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा रविवार 7 दिसंबर को दड़ीबा निवासी हुलासचंद मोहिनी देवी राठी व जसवंतगढ़ निवासी रामप्रसाद उषा देवी मालपानी की स्मृति में उनके परिवार जनों द्वारा नि:शुल्क चर्म रोग जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की नि:शुल्क जांच कर ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के लैंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क किए जाएंगे। शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा रोगियों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार में आयोजित होगा।

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :—न.प.सु/विकास शाखा/2025/8981 दिनांक :— 02.12.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिशद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 10.12.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 10.12.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– **(DLB2526WSOB26019), (DLB2526WSOB26020), (DLB2526WSOB26024)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ
राज.संवाद/सी/25/15191

**प्ररूप - 10**
**(नियम 6 ( 7 ) देखिए )**

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक / 2025-26 / 5015 दिनांक 5/12/25

**लोक सूचना**

श्री राजेश्वर पुत्र बजरंगलाल व संजय कुमार पुत्र मोहनलाल निवासी तारानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| चूरू तहसील तारानगर | तारानगर | 2521/1750, 2525/989 | 20090.9 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 - क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजो के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा ।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05.12.2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका तारानगर**

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान**

क्रमांक :- न.पा.ता/ 2025 - 26 / 5020 दिनांक : 5.12.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि नियमन हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे 7 बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा ।

| क्र.स. | आवेदक का नाम व पिता का नाम | वार्ड नं. | ऑनलाईन आवेदन | कुल तादादी (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कृष्ण कुमार पुत्र रणजीत सिंह | 26 | 323333 | 3999.85 | कृषि भूमि नियमन |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका तारानगर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः- ग्रा.पं./.नि./2025-26/165-170 दिनांक : 04-12-2025

**खुली निविदा सूचना संख्या- 08 / 2025 26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान पंचायत समिति बीदासर (चुरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 04.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01. | ओपन जिम निर्माण कार्य रा.उ.मा.वि. ग्राम पंचायत ढढेरू भानूवान पंचायत समिति बीदासर | 500000 | 10000 |
| 02. | हाईमास्क लाईट लगवाने का कार्य खेल मैदान ढाणी कुम्हारान् | 446703 | 8934 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 11.12.2025समय 11:00ए. एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तों की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 11.12.2025 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन-पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 11.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http//sppp.rajasthan.gov.in पर NIBNo ZCR2526A1055 UBNN-ZCR2526 WSOB 01775 To ZCR2526 WSOB01776 तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत ढढेरू भामूवान,**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

# शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
6 दिसम्बर, 2025


## सिरसला में हुआ रक्तदान, युवाओ ने बढ़ चढ़ कर किया रक्तदान




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** सामाजिक कार्यकर्ता स्व. चेतनसिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में ग्राम सिरसला के युवाओं ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 150 युनिट रक्तदान हुआ। गांव के करणीसिंह ने बताया कि सिरसला गांव के स्व. चेतनसिंह जिनका 2 माह पुर्व देहांत हो गया था। उनके जन्मदिन के अवसर पर ग्रामीणो ने रक्तदान शिविर का आयेजन किया। उन्होने बताया कि स्व. चेतनसिंह एक जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता थे जो स्वभाव से दयालू एवम् दुसरो की मदद करने वाले थे 2 माह पूर्व उनका स्वर्गवास होने पर गांव में शोक की लहर छा गई थी। उनके जन्मदिन पर ग्रामीणो ने रक्तदान शिविर लगाने का निर्णय लिया और इस अवसर पर 150 से अधिक युनिट एकत्रित होना इस बात का प्रमाण है कि गांव में उनकी सामाजिक कार्यो की स्वीकारोक्ति आज भी है।

## सुप्रीम फाउण्डेशन ने किया स्वेटर वितरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव सारोठिया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में नव प्रवेशित कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किया गया है। स्टाफ सचिव पूसाराम स्वामी ने बताया कि विद्यालय में सत्र 2025-26 में कक्षा प्रथम से पांचवीं तक के नव प्रवेशित विद्यार्थियों को सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ द्वारा स्वेटर नि:शुल्क प्रदान किए गए हैं। कार्यक्रम में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी पप्पूराम मीणा ने फाउण्डेशन के मुख्य ट्रस्टी बजरंगलाल तापड़िया, महावीर प्रसाद तापड़िया, मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा, कॉर्डिनेटर जयसिंह, मनोज, कृष्णकांत का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रामलाल कांसोटिया, राजेंद्र डूडी, दिलीप सिंह, मूलाराम, करणीराम भाकर, राजकुमारी मीणा, सुमित्रा, जीवणदान देवल, सोहनलाल, दामोदर शर्मा, कमलेश मीणा आदि उपस्थित थे।

## एएसडी मतदाताओं के बारे में राजनैतिक दलों को दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय उपखंड कार्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में विधानसभ क्षेत्र सुजानगढ़ के राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत एएसडी (अब्सेंट, शिफ्ट, डेथ) मतदाताओं के सम्बंध में चर्चा की गई। राजनैतिक दलों को सुजानगढ़ क्षेत्र में समस्त मतदान केंद्रो पर एएसडी मतदाताओं की सूची दी गई और बताया गया कि अगर एएसडी कारण से किसी मतदाता का नाम गलत कट रहा है, तो सम्बंधित मतदाताओं से बीएलए 2 के माध्यम से संपर्क कर इसमें संशोधन करवाया जा सकता है। बैठक में रेखाराम मेहरड़ा, राजेंद्र भंवरिया, तेजपाल गोदारा, प्रदीप तोदी, ओंकाराराम, रामकुमार मेघवाल, विनय माटोलिया, प्रियांशु लड़ा आदि मौजूद रहे।

## आईपीएस के रिश्तेदार के यहां पर चोरी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** नया बास स्थित सूने घर में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। खास बात ये है कि आईपीएस के रिश्तेदार के यहां पर चोरी की वारदात हुई है। जानकारी के अनुसार शिवबाड़ी के सामने स्थित मोहल्ले के मूल निवासी बाबूलाल पुत्र केशरीचंद प्रजापत, जो व्यापार के चलते दिल्ली रहते हैं, वो अपने परिवार सहित 29 नवम्बर को सुजानगढ़ आए थे। यहां पर रहने के बाद वो 2 दिसम्बर को वापस परिवार सहित दिल्ली चले गए। पीछे से चोरों ने मकान में हाथ साफ कर दिया। तीन दिसम्बर को दिन में मामले की जानकारी जगदीश प्रसाद प्रजापत को लगी, तो उन्होंने अपने भाई बाबूलाल को फोन किया। जिस पर वो दुबारा सुजानगढ़ आये और पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर चोरी का मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के अनुसार कुल 3 कमरों के 4 ताले चोरों ने तोड़ दिए। इस घटना में 40 हजार रूपए नगद, 2 जोड़ी पाजेब, 3 नोज पिन, 2 जोड़ी बिछुड़ी, 4 पुराने चांदी के सिक्के चोरी हो जाने की जानकारी पुलिस को दी गई है। कोतवाली थाने के हैड कांस्टेबल जगदीश जाखड़ ने मौका मुआयना कर मामले की जानकारी ली।



## प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता के पुनः दायित्व मिलने पर रविवार 07 दिसम्बर 2025 को पहली बार चूरू आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता करेगे शानदार अभिन्नदन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में पंकज गुप्ता के पुनः प्रदेश कोषाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर एवम् उनके पुनः दायित्व मिलने के बाद पहली बार अपने गृह क्षैत्र चूरू आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता उनका शानदार अभिन्नदन करेगे जिसमें पूर्वनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण एवम् जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की उपस्थिती में आयोजित सम्मान समारोह में चूरू विधानसभा के शहरी एवम् ग्रामीण क्षैत्रो के कार्यकर्ता विभिन्न संगठनो के जुड़े पदाधिकारी एवम् सामाजिक संगठनो के द्वारा अभिन्नदन किया जायेगा। जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया ने बताया कि प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता के चूरू आगमन पर चूरू की सीमा में कार्यकर्ता उनका अभिन्नदन करेगे एवम् तत्पश्चात देपालसर गणेश मंदिर में पूजा अर्चना पंखा सर्किल पर स्वतंत्रता सैनानी स्व. चन्दनमल बहड़ की मूर्ति पर माल्यार्पण वीर गति स्मारक पर पुष्पांजलि ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण चौधरी कुंभाराम की मूर्ति पर माल्यार्पण, शहिद डालूराम की मूर्ति पर माल्यार्पण एवम् स्वामी गोपालदास की मूर्ति पर माल्यार्पण के पश्चात नया बास स्थित शिवकला मंच पर गुप्ता का भव्य अभिन्नदन भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जायेगा। जिसमें चूरू के वरिष्ठ नेता एवम् कार्यकर्ता उपस्थित रहेगे। इस संदर्भ में भाजपा जिला कार्यालय चूरू में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में तैयारी व्यवस्था बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला महामंत्री अभिषेक चोटिया, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, वरिष्ठ नेता दौलत तंवर द्वारा कार्यक्रम की तैयारी हेतु आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

## राजकीय लोहिया कॉलेज में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** राजकीय लोहिया कॉलेज में शुक्रवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के सामने पांच सूत्री मांगें रखीं। प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के पूर्व महासचिव पुलकित चौधरी ने किया। छात्रों ने बताया कि कॉलेज में पीने के लिए मीठा पानी उपलब्ध नहीं है और शौचालय भी साफ नहीं रहते, जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। इसके अलावा कॉलेज में कैंटीन नहीं होने के कारण छात्रों को बाहर जाना पड़ता है। नियमित कक्षाएं नहीं लग रही हैं और फॉर्म जमा करवाने के लिए काउंटरों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई। पुलकित चौधरी ने कहा कि कॉलेज प्रशासन को छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करना होगा। उन्होंने जोर दिया कि छात्रों का भविष्य सुदृढ़ होने पर ही देश का भविष्य सुदृढ़ होगा। उन्होंने मीठे पानी को छात्रों का हक बताया और कहा कि छात्रहितों के लिए छात्रशक्ति हमेशा तैयार है। इस अवसर पर अमन चौधरी, राकेश कस्वां, नरेंद्र कुमार जड़िया, मनीष कस्वां, अजय चौधरी, नरेंद्र मेघवाल, अमित मेहरा, सुधीर दूकिया, नरेंद्र बाढ़की, हिमांशु शर्मा, मुकेश, साहिल, आदिल, बालकृष्ण, गणेश काका और अर्जुन सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भारतीय किसान संघ 8 दिसम्बर को रैली निकालकर देगा ज्ञापन

### रामा होटल में हुआ प्रेस वार्ता का आयोजन, किसान जागृति रथ यात्रा के बारे में दी जानकारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय किसान संघ द्वारा निकाली जा रही भगवान बलराम किसान जागृति रथ यात्रा का सुजानगढ़ के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से दौरा समाप्त हो गया है और आगामी 8 दिसम्बर को सुजानगढ़ में रैली निकालकर किसानों की मांगों के सम्बंध में एडीएम, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा, तहसील अध्यक्ष पृथ्वीसिंह शेखावत ने बस स्टेंड स्थित रामा होटल में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। इस अवसर चूरू जिलाध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने कहा कि भारतीय किसान संघ ने प्रत्येक खेत को पानी, प्रत्येक खेत को रास्ता सहित कुल 7 मुद्दों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में जन जागरण अभियान चलाया गया। जिसके तहत सभी मुद्दों को लेकर प्रत्येक पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके बाद सोई हुई सरकारों को जगाने के लिए 8 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन महापड़ाव डाला जाएगा और सरकार को जगाकर किसानों का हित सुनिश्चित किया जायेगा। इसी प्रकार 8 मार्च से पहले प्रत्येक तहसील मुख्यालय पर भी ज्ञापन के कार्यक्रम किए जायेंगे। दूसरी ओर तहसील अध्यक्ष पृथ्वीसिंह शेखावत ने बताया कि बकाया बीमा क्लेम सरकार किसानों को जल्द प्रदान करे, सिंचाई के लिए बिना ट्रिपिंग के बिजली दिए जाने, जैविक खाद के क्षेत्र में आर्थिक सुधार किए जाने, खाद की सब्सिडी सीधे किसानों के खातों में भेजे जाने की मांगे भी सरकार से की जा रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान संभाग मंत्री शंकरलाल, यात्रा प्रभारी ओमप्रकाश तूनवाल, जिला उपाध्यक्ष करणीसिंह राजियासर, जिला राजस्व प्रमुख राजेंद्र पथानिया, चन्द्रप्रकाश खिलेरी, नरेंद्र सिंह भाटी, रणसिंह फौजी, नरेंद्र सिंह गेड़ाप आदि मौजूद रहे।

## भोजलाई गांव की रोही स्थित पानी की कुंड में मिले पति-पत्नी के शव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव भोजलाई की रोही में पति-पत्नी का शव कुंड में मिला है। रामूराम नामक व्यक्ति के खेत में 29 वर्षीय राधा और उसके पति 37 वर्षीय रामेश्वर मेघवाल का शव मिला है। मौके पर सदर पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल रामसिंह मय पुलिस जाप्ते के पहुंचे तथा शवों को ग्रामीणों और टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से बाहर निकलवाकर राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुंचाया। सरपंच प्रतिनिधि करणी सिंह ने बताया कि दोनों पति-पत्नी गत शाम को खेत में लड़कियां लेने के लिए आए थे। कुंड से पानी निकालने के दौरान राधा का पैर फिसल गया और वह कुंड में गिर गई। अपनी पत्नी राधा को बचाने के चक्कर में रामेश्वर भी कुंड में उतर गया। दोनों की पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। चूंकि खेत का इलाका सुनसान का था, जिससे रात को घटना का पता नहीं चल पाया। पति-पत्नी जब रात को घर पर नहीं पहुंचे, तो उनकी तलाश शुरू की गई। सुबह कुंड के बाहर चप्पल दिखने पर घटना का पता चला। शवों को निकालने के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण में भीड़ हो गई है। सदर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं मौके पर राजू सिंह शेखावत, भाजपा नेता हंसराज नायक सहित अनेक लोग भी मौजूद रहे। इस मामले में परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगामी कार्यवाही करेगी। दूसरी ओर पुलिस को मृतक के भाई शंभूराम ने पुलिस को रिपोर्ट दी है, जिसके बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए। वहीं घटना के कारण भोजलाई गांव में शोक की लहर रही। गमगीम माहौल में दम्पति का अंतिम संस्कार किया गया। मृतकों के एक छोटी बच्ची भी है। वहीं डीएसपी दरजाराम बोस ने भी घटनास्थल का दौरा किया।

## एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर, 68 रक्तदाताओं ने निभाया मानवता का धर्म

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के सेठ बुधमल दूगड़ राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर एचडीएफसी बैंक एवं राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेश चाहर, एचडीएफसी बैंक के मुख्य प्रबंधक मुकेश सिंह शेखावत, महाविद्यालय विकास समिति के राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्य महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार जोशी, क्षेत्र के सुप्रसिद्ध समाजसेवी और अनेक बार रक्तदान कर्ता एवं क्षेत्र में अनेक रक्तदान शिविर, नेत्रदान एवं देहदान के प्रेरक एवं प्रणेता गणेशदास स्वामी के विशिष्ट आथित्य एवं महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो कविता शर्मा की अध्यक्षता में शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों कर्मचारी एवं प्राध्यापकों, बैंक के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं नगर के गणमान्यजनों द्वारा उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के आयोजन में गांधी विद्या मंदिर एवं आयुर्वेद विश्व भारती के चिकित्सकीय दल द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य जिले के राजकीय भरतिया अस्पताल के ब्लड बैंक के दल द्वारा 68 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। महाविद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, रोवर रेंजर्स, महिला प्रकोष्ठ द्वारा सहयोग प्रदान कर किया गया।

## गौसेवा में दिया धन समृद्धि लाता हैः सोनी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** टीकमदास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौसेवा समिति में वाहिदपुरा निवासी नवीन बुक डिपो के मालिक बजरंगलाल जी दुलड ने गौसेवा में 51000 रुपये की राशि प्रदान की। इस अवसर पर समिति सह कोषाध्यक्ष जयप्रकाश सोनी ने कहा कि गौसेवा में जो व्यक्ति आर्थिक सहयोग प्रदान करता है उसको कभी किसी चीज़ की कमी नहीं होती।गाय की सेवा से समृद्धि आती है। इस शुभ कार्य में प्रेरणा देने वाले हमारे अभिभावक पुरुषोत्तमलाल छापोला का हम हार्दिक आभार प्रकट करते है जो हर समय ही गौसेवा व गौशाला के लिए तैयार रहते है।इस पुनीत कार्य में भी पुरुषोत्तम जी का आभार प्रकट करते हैं । इस अवसर पर महंत नरेन्द्र सुरोलिया ने कहा कि भारत की संस्कृति में गाय को माँ का स्थान दिया गया है। हमारे वेदों और पुराणों में गौ माता को 'धेनु' कहा गया है, जिसका अर्थ है - जो सबको पोषण दे। दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र - ये पाँच अमृत तत्व न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी शुद्धता प्रदान करते हैं। आज के आधुनिक युग में जहाँ लोग भौतिक सुख-सुविधाओं के पीछे भाग रहे हैं, वहीं गौ माता की सेवा का महत्व और भी बढ़ जाता है। गौ सेवा केवल एक धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए आवश्यक है। गौ माता का गोबर और गौमूत्र जैविक खेती के लिए वरदान है। यह खेतों की उर्वरक क्षमता बढ़ाते हैं और रसायनों से मुक्त अन्न प्रदान करते हैं। इसी कारण भारतीय कृषि परंपरा सदियों से गौ माता पर आधारित रही है। इस पुनीत कार्य के लिए समिति बजरंग लाल का आभार प्रकट करती है। इस अवसर पर अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, प्रकाश स्वामी,किशोर चौहान, गजेंद्र सिंह मनीष, वंश , बजरंग लाल आदि मौजूद रहे।

## पुष्पाजंलि कार्यक्रम आज



**मण्डावा** मंडावा - झुंझुनूं रोड स्थित डॉ .बी.आर. अम्बेडकर भवन में शनिवार को दोपहर करीब सवा 12 बजे बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडकर सेवा समिति मंडावा के कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी हरदयाल काला ने दी।

### सुरज स्वामी के निधन पर दान की गई आंखें फिर से देख सकेगी दुनियां, नेत्रदान से दो नेत्रहीनों की जिंदगी में आयेगी रौशनी



**सरदारशहर।** तहसील के आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र की ओर से चलाई जा रही मुहिम में एक ओर नेत्रदान का नाम जुड़ गया। जिसके क्रम में बोघेरा के सुरज स्वामी की दान की गई आंखें फिर से दुनियां देख सकेंगी। गांव बोघेरा के सुरज स्वामी पुत्र जगदीश स्वामी उम्र 30 साल का गुरुवार को हृदयगति रूकने से निधन हो गया। जिस पर उनके ताऊजी गिरधारीलाल स्वामी फोजी, हितेश स्वामी भाई व सुभाष स्वामी भतीजे की सहमति पर नेत्र संग्रह केन्द्र के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत एवं दिनेश शर्मा ने राजकीय उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में जाकर नेत्र संग्रह किया। परिजनों ने इस दुखद घटना के बाद भी किसी के अन्धेरे जीवन में रोशनी लाने के लिए नेत्रदान कर परोपकार का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। परिजनों को प्रेरित करने में केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। केन्द्र में यह 21 वां नेत्रदान है। समन्वयक स्वामी ने बताया कि धीरे-धीरे नेत्रदान को लोग अपना रहे हैं। अब नेत्रदान के प्रति ग्रामीण क्षेत्रों में भी जागरूकता बढ़ रही है। सरदारशहर क्षेत्र के बरड़ासर के बाद बोघेरा में नेत्रदान होना इसका उदाहरण है।

## हेतमसर में चित्र व पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में नई किरण नशामुक्ति केन्द्र, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन गत बुद्धवार को किया गया। जिसका परिणाम निर्णायक मण्डल सुभाषचन्द्र, रविकांत मीणा, एवं प्रियंका द्वारा आज शुक्रवार को जारी किया गया जिसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर बी ए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आयुषी कुमावत तथा दिव्या सोनी तथा बी ए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा रक्षा कंवर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ सदस्य एवं छात्रायें उपस्थित रहीं।

## शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार की मांग, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने दिया थाना अधिकारी को ज्ञापन, मांग नहीं मानने पर आंदोलन की दी चेतावनी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने में थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी चौक पर धरना दिया गया था। सभी मांगों पर उस टाइम प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सहमति बनी थी। आठ मांगे प्रशासन द्वारा पूरी की गई। लेकिन शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में प्रशासन द्वारा कोई सुधार नहीं किया गया है। बाजार में जगह-जगह अनियंत्रित खड़े वाहनों से बाजार में ट्रैफिक व्यवस्था में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। बाजार में जाम की स्थिति हर समय बनी रहती है। अगर प्रशासन द्वारा एक हफ्ते में इस पर कोई सुधार नहीं किया गया तो राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, धीरेंद्र सैनी, सत्यनारायण सैनी, रुपचंद सारण राजास, शिवा चौधरी, बालकिशन रेवाड़, महेंद्र सरदारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।